वर्ष-10, अंक-14 पृष्ठ- 8, मूल्य : 02 रुयये

TM

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज गुरुवार, 14 मार्च, 2024

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Adhunik Samachar

## संक्षिप्त समाचार

### जैविक उत्पादों का निर्यात पांच वर्षों में १० गुना बढ़ाने का लक्ष्य

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि अगले पांच वर्ष में देश के प्रत्येक जिले में आर्गेनिक भूमि और उसके उत्पादों के परीक्षण की व्यवस्था होगी। देश से अभी प्रति वर्ष लगभग सात हजार करोड़ रुपये का आर्गेनिक उत्पादों का निर्यात किया जाता है। इसे बढ़ाकर 70 हजार करोड़ रुपये करना है। अभी वैश्विक स्तर पर यह निर्यात दस लाख करोड़ रुपये का है। अमित शाह ने कहा कि किसानों की समृद्धि भूमि जल संरक्षण और स्वास्थ्य के लिए आर्गेनिक उत्पाद जरूरी हैं। इन समितियों के जरिए आर्गेनिक उत्पाद बीज संरक्षण-संवर्धन और निर्यात बढ़ेगा। निर्यात के लिए बनी समिति कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ाएगी और इससे होने वाला मुनाफा सीधा किसानों के बैंक खातों में जमा होगा। तीन वर्षों में जैविक खेती को अपनाने वालों की संख्या में सात गुना तक बढ़ी है। सरकार ने 2030 तक वैश्विक कृषि उपज बाजार में देश की हिस्सेदारी 45 अरब डालर से बढ़ाकर 115 अरब डालर करने का लक्ष्य रखा है। अमित शाह ने बुधवार को नई दिल्ली स्थित व?र्ल्ड ट्रेड में तीन बहु-राज्यीय सहकारी समितियों के कार्यालय का उद्घाटन किया। इनमें भारतीय बीज सहकारी समिति लिमिटेड (बीबीएसएसएल), नेशनल को-आपरेटिव आर्गेनिक्स लिमिटेड (एनसीओएल) एवं नेशनल को-आपरेटिव एक्सपोर्ट लिमिटेड (एनसीइएल) शामिल हैं। अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित तीनों भवनों को 31 हजार वर्ग फीट में बनाया गया है। इससे किसानों एवं कृषि क्षेत्र के पूरे तंत्र को मजबूती मिलेगी। अमित शाह ने कहा कि किसानों की समृद्धि, भूमि, जल संरक्षण और स्वास्थ्य के लिए आर्गेनिक उत्पाद जरूरी हैं। इन समितियों के जरिए आर्गेनिक उत्पाद, बीज संरक्षण-संवर्धन और निर्यात बढ़ेगा। निर्यात के लिए बनी समिति कृषि उत्पादों के निर्यात को बढ़ाएगी और इससे होने वाला मुनाफा सीधा किसानों के बैंक खातों में जमा होगा। तीन वर्षों में जैविक खेती को अपनाने वाले किसानों की संख्या में सात गुना तक वृद्धि हुई है।

## महिलाओं को एक लाख रुपये, नौकरियों में आधी हिस्सेदारी कांग्रेस ने किया पांच 'नारी न्याय' गारंटी का एलान

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस बड़े-बड़े एलान कर रही है। युवाओं के लिए रोजगार की घोषणा के बाद कांग्रेस ने अब महिलाओं के लिए एलान किया है। कांग्रेस ने बुधवार को नारी न्याय गारंटी देने का दावा किया है। कांग्रेस ने कहा कि केंद्र में सरकार बनने पर वो ये गारंटी देगी। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने बड़ी घोषणा की है। कांग्रेस ने नारी न्याय गारंटी का एलान कर दिया है। कांग्रेस का कहना है कि केंद्र में सरकार बनने के बाद इन गारंटियों को लागू किया जाएगा। इन गारंटियों के तहत महिलाओं के लिए योजनाएं लागू की जाएंगी। इनमें गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये देने की भी योजना है। कांग्रेस का दावा है कि महालक्ष्मी गारंटी के तहत देश की सभी गरीब परिवार की एक महिला को सालाना 1 लाख रुपये की सहायता दी जाएगी। इसके तहत केंद्र सरकार की नयी नियुक्तियों में आधा हक महिलाओं को मिलेगा। इस योजना के तहत आंगनवाड़ी, ैएँ और मिड डे मिल कार्यकर्ताओं के मासिक वेतन में केंद्र सरकार का योगदान दोगुना होगा। इस गारंटी के तहत हर पंचायत में एक अधिकार मैत्री को तैनात किया जाएगा। इनका काम महिलाओं को उनके हकों के लिए जागरूक करना और उनको कानूनी सहायता दिलाना होगा। देशभर में सभी जिला मुख्यालयों में कम से कम एक कामकाजी महिलाओं का हॉस्टल बनाया जाएगा। फिर इनकी संख्या दोगुनी की जाएगी। कांग्रेस ने इससे पहले युवाओं के लिए पांच गारंटी की घोषणा की थी। इसमें 30 लाख सरकारी नौकरी, प्रशिक्षुओं को 1 लाख रुपए (?8,500/माह), पेपर लीक से मुक्ति, गिग इकोनॉमी में सामाजिक सुरक्षा और युवाओं के बिजनेस के लिए 5,000 करोड़ रुपये का एक कोष बनाने का एलान किया है।



## वोटबैंक की राजनीति के लिए किस हद तक गिरेंगे

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने नागरिकता संशोधन कानून को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने भाजपा पर वोट बैंक की राजनीति का आरोप लगाया। हालांकि, बीजेपी ने अरविंद केजरीवाल के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल पर झूठ बोलना बंद करें। देश में नागरिकता संशोधन कानून के लागू होने के बाद से ही विपक्षी दल इसे लेकर केंद्र सरकार पर सवाल उठा रहे हैं। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने ँ को लेकर भाजपा पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में अल्पसंख्यकों को हमारे देश में लाया जाएगा। उन्हें नौकरियां दी जाएंगी। हालांकि बीजेपी ने केजरीवाल के बयान पर पलटवार किया है। अरविंद केजरीवाल के बयान पर बीजेपी नेता रविशंकर प्रसाद ने हमला बोला। उन्होंने कहा कि यह किसी भी भारतीय को उनकी नागरिकता से वंचित नहीं करता है। सीएए केवल उन लोगों को नागरिकता देता है, जिन्हें उनकी आस्था के आधार पर सताया गया है। मैं सीएए के नाम पर सांप्रदायिक तनाव फैलाने की कोशिश करने वालों से कहना चाहता हूं कि वे रुकें। झूठ बोलना बंद करें। उन्होंने कहा कि मैं केरल और तमिलनाडु की पार्टियों से नफरत फैलाना बंद करने का आग्रह करता हूं। रविशंकर प्रसाद ने कहा- 'दिल्ली की सीएम अरविंद केजरीवाल ने आज एक अजीब बयान दिया है कि सीएए लागू होने के बाद अन्य देशों के लोगों को नौकरी मिलेगी। यह किस तरह का तर्क है पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान के लोग भारत आए हैं, क्योंकि वे अपने धर्म के कारण इन देशों में सताए गए थे। वे हिंदू, ईसाई, सिख, पारसी थे।' उन्होंने कहा कि हम यह स्पष्ट रूप से कहना चाहते हैं कि किसी की नौकरी या नागरिकता नहीं छीनी जाएगी। अरविंद केजरीवाल वोटबैंक की राजनीति के लिए किस हद तक जाएंगे।




## अनिल विज नाराज हो जाते हैं लेकिन पूर्व सीएम मनोहर लाल ने अपने पुराने साथी के गुस्से को लेकर कह दी ये बात

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**चंडीगढ़।** हरियाणा में नायब सिंह सैनी की सरकार बन गई है। मनोहर लाल और उनकी पूरी कैबिनेट ने त्यागपत्र दे दिया है। वहीं, मनोहर लाल के सीएम पद से इस्तीफा देने और निवर्तमान गृह मंत्री अनिल विज को नायब सिंह सैनी की कैबिनेट में जगह नहीं मिलने के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा हो चुकी है सीएम नायब सिंह सैनी के साथ हरियाणा राजभवन में पांच मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की। इनमें सबसे वरिष्ठ मंत्री कंवरपाल गुर्जर पंडित मूलचंद शर्मा रणजीत सिंह चौटाला जयप्रकाश दलाल और डॉ. बनवारी लाल शामिल हैं। पर्यवेक्षकों के साथ हुई बैठक के बाद अनिल विज नाराज हो गए वहीं नायाब सैनी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भी वो मौजूद नहीं थे। एक तरफ जहां पर्यवेक्षकों के साथ हुई बैठक के बाद अनिल विज नाराज हो गए वहीं, नायाब सैनी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में भी वो मौजूद नहीं थे। इस घटनाक्रम के बाद मनोहर लाल ने अनिल विज का नाराजगी और उनके गुस्से पर प्रतिक्रिया साझा की है। साथ ही उन्हें बीजेपी-जेजेपी गठबंधन टूटने के पीछे की वजह पर बात की है। उन्होंने कहा, ठराज्य की 10 सीटें बीजेपी ने जीतीं। जेजेपी नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व से बात की होगी। आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं है लेकिन उन्होंने (जेजेपी) फैसला कर लिया है कि वे लोकसभा सीटें अलग से लड़ेंगे और तदनुसार निणर्य किए गए हैं। सीएम नायब सिंह सैनी के साथ हरियाणा राजभवन में पांच मंत्रियों ने शपथ ग्रहण की। इनमें सबसे वरिष्ठ मंत्री कंवरपाल गुर्जर, पंडित मूलचंद शर्मा, रणजीत सिंह चौटाला, जयप्रकाश दलाल और डॉ. बनवारी लाल शामिल हैं।



## पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार बेटी बनेगी देश की फर्स्ट लेडी कौन हैं आसिफा भुट्टो जिसे मिलेगा यह अहम पद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की फर्स्ट लेडी का पद राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी को दिया जाएगा। देश के नवनियुक्त राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने अपनी बेटी आसिफा भुट्टो जरदारी को देश की प्रथम महिला के रूप में औपचारिक मान्यता देने की फैसला किया है। आमतौर पर देश की प्रथम महिला राष्ट्रपति की पतने होती है। पाकिस्तान की फर्स्ट लेडी का पद राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की बेटी को दिया जाएगा। यह पहली बार होगा कि किसी पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने प्रथम महिला के पद के लिए अपनी बेटी की घोषणा की है। इस ऐतिहासिक कदम ने आसिफा भुट्टो को प्रथम महिला के प्रतिष्ठित पद पर पहुंचा दिया है। आधिकारिक घोषणा के बाद आसिफा भुट्टो जरदारी को प्रथम महिला के अनुरूप प्रोटोकॉल और विशेषाधिकार दिए जाएंगे। देखा जाए तो यह पहली बार होगा कि किसी पाकिस्तानी राष्ट्रपति ने प्रथम महिला के पद के लिए अपनी बेटी की घोषणा की है। इस ऐतिहासिक कदम ने आसिफा भुट्टो को प्रथम महिला के प्रतिष्ठित पद पर पहुंचा दिया है, जो देश के राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय है। सूत्रों ने दावा किया कि राष्ट्रपति जरदारी आसिफा भुट्टो को पाकिस्तान की प्रथम महिला घोषित करेंगे। एआरवाई न्यूज ने बताया कि आधिकारिक घोषणा के बाद, आसिफा भुट्टो जरदारी को प्रथम महिला के अनुरूप प्रोटोकॉल और विशेषाधिकार दिए जाएंगे। यह निणर्य विशेष रूप से उल्लेखनीय है क्योंकि आसिफा भुट्टो प्रथम महिला का पद संभालने वाली किसी राष्ट्रपति की पहली बेटी बनने जा रही हैं। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी ने पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली और दूसरी बार आधिकारिक तौर पर राज्य के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभाला।



## जो बाइडन को माफी मांगनी चाहिए अमेरिकी छात्र की हत्या ने बढ़ाई राष्ट्रपति की मुश्किलें

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस के शीर्ष रिपब्लिकन ने रविवार को एक अमेरिकी छात्र की हत्या पर राष्ट्रपति जो बाइडन से माफी की मांग की है। अमेरिकी कांग्रेस के शीर्ष रिपब्लिकन ने रविवार को एक अमेरिकी छात्र की हत्या पर राष्ट्रपति जो बाइडन से माफी की मांग की है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व वाले रिपब्लिकन ने कहा कि रिले की हत्या बाइडन द्वारा ढीले सीमा प्रवर्तन का प्रत्यक्ष परिणाम है । ट्रंप ने एक रैली के दौरान कहा कि अगर बाइडन ने सीमा प्रवर्तन में ढील नहीं दी होती तो रिले आज जिंदा होती। पूर्व ट्विटर ' पर हाउस स्पीकर माइक जॉनसन ने आरोप लगाया कि राष्ट्रपति अपने आधार से डर रहे हैं और एक ऐसे व्यक्ति के प्रति सम्मान दिखा रहे हैं जो किसी का हकदार नहीं है। उन्होंने कहा कि कथित हत्यारा 'एक अवैध आप्रवासी है जिसने लेकन रिले की बेरहमी से हत्या कर दी।' दरअसल, नर्सिंग छात्र लेकन रिले की 26 जनवरी को हत्या कर दी गई थी। रिले का शव जॉर्जिया विश्वविद्यालय के परिसर में एक झील के पास मृत पाया गया था। इस मामले में वेनेजुएला के एक प्रवासी पर हत्या और अपहरण का आरोप लगा है। 2024 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान में यह मामला मुख्य केंद्र बिंदु बना हुआ है। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व वाले रिपब्लिकन ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि रिले की हत्या बाइडन द्वारा ढीले सीमा प्रवर्तन का प्रत्यक्ष परिणाम है। इससे पहले बाइडन ने रिले के हत्यारे को अवैध आप्रवासी कहने पर खेद प्रकट कर माफी मांगी थी। इसी पर ट्रंप ने शनिवार को जॉर्जिया में एक रैली के दौरान हमला बोला। ट्रंप ने कहा कि हत्यारे से माफी मांगने के लिए बाइडन को माफी मांगनी चाहिए। हत्यारा एक अवैध विदेशी था। पूर्व राष्ट्रपति, जिन्होंने प्रवासियों पर देश के 'खून में जहर घोलने' का आरोप लगाया है, ने कहा कि अगर बाइडन ने सीमा प्रवर्तन में ढील नहीं दी होती तो रिले आज जिंदा होती। स्पीकर जॉनसन ने ट्रंप की भावना का समर्थन करते हुए कहा कि बाइडन को लेकेन के परिवार से माफी मांगनी चाहिए।



## पीयूष गोयल बोले- किसी एक कंपनी के फायदे के लिए पॉलिसी नहीं बनाती सरकार

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि भारत अपनी पॉलिसी को अमेरिकी इलेक्ट्रिक व्हीकल टेस्ला को फायदा पहुंचाने के हिसाब से नहीं बनाएगा। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि हम ऐसी पॉलिसी नहीं लाएंगे, जिससे किसी एक कंपनी को फायदा हो। अमेरिकी अरबपति एलन मस्क की इलेक्ट्रिक कार बनाने वाली कंपनी टेस्ला भारत में अपने मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने के लिए टैरिफ में विशेष रियायत मांग रही है। लेकिन केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकार ऐसी पॉलिसी बिल्कुल नहीं बनाएगी जिसका मकसद किसी एक कंपनी को फायदा पहुंचाना होगा। आइए जानते हैं कि गोयल ने टेस्ला और ईवी मैन्युफैक्चरिंग के बारे में क्या कहा उन्होंने कहा कि हम भारत के कानून और टैरिफ नियम को ऐसा बनाएंगे, जो सभी कंपनियों को समान मौके दे और वे दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था में अपना मैन्युफैक्चरिंग प्लांट लगाने के लिए प्रोत्साहित हों। गोयल ने पिछले साल नवंबर में अमेरिका के कैलिफोनिन्या में टेस्ला के मैन्युफैक्चरिंग प्लांट का दौरा भी किया था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार किसी एक कंपनी या उसके हितों के लिए पॉलिसी नहीं बनाती। हर कोई अपनी मांग रखने के लिए स्वतंत्र है। लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप जो मांग करते हैं, सरकार उसी के आधार पर फैसला लेगी। दुनिया की सबसे बड़ी मेकर टेस्ला शुरुआती टैरिफ रियायत मांग रही है, जिससे उसकी 40,000 डॉलर से कम दाम वाली कारों के लिए 70 प्रतिशत और इससे अधिक वाली कारों के लिए 100 प्रतिशत सीमा शुल्क की भरपाई हो जाए। टेस्ला का कहना था कि वह यह रियायत मिलने के बाद ही भारत में अपना प्लांट लगाएगी। अमेरिकी अरबपति एलन मस्क काफी लंबे समय से यह रियायत हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। इस सिलसिले में वह भारत भी आए थे और यहां नीति-निर्माताओं से मुलाकात भी की, लेकिन बात नहीं बनी। भारत में मोटर गाडि़यों पर टैरिफ अधिक है। इसका मकसद लोकल प्रोडक्शन को बढ़ावा देना है। लेकिन, यह चीज विदेशी कार मेकर्स को रास नहीं आती और वे हमेशा इस मुद्दे को उठाते रहते हैं। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का कहना है कि सरकार एक अच्छे ईवी इकोसिस्टम की जरूरत को पहचानती है। इलेक्ट्रिक गाडि़यों से ना सिर्फ कार्बन उत्सर्जन कम होगा, बल्कि देश का क्रूड ऑयल इंपोर्ट बिल भी कम होगा। हालांकि, गोयल ने स्पष्ट किया कि सरकार टेस्ला जैसी किसी एक कंपनी के उपयुक्त पॉलिसी नहीं बनाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा फोकस ऐसी नीतियां बनाने पर है, जो दुनियाभर के ईवी मेकर को भारत में प्लांट लगाने के लिए लुभाए। गोयल ने कहा कि हम अच्छी पॉलिसी बनाने के लिए कई मोर्चों पर काम कर रहे हैं। इसमें इंटर-मिनिस्ट्रियल सलाह-मशविरा से लेकर हितधारकों से बातचीत शामिल है। इनमें यूरोप, अमेरिका, जापान और कोरिया की कंपनियां भी शामिल हैं, जो संभावित निवेशक हो सकती हैं।




## बंगाल के अधिकार को छीनने नहीं दूंगी', केंद्र पर बरसी ममता बनर्जी

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)
**कोलकाता।** नागरिक संशोधन कानून (सीएए) को लेकर सोमवार को केंद्र सरकार द्वारा नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया। इसके साथ ही सीएए देशभर में लागू हो गया है। सीएए के लागू होने के बाद इसको लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रिया सामने आ रही हैं। पश्चिम बंगाल की सीएम और टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी ने इसका पुरजोर विरोध किया है। सीएए को लेकर विरोध बढ़ता जा रहा है। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी लगातार इसका पुरजोर विरोध कर रही है। ममता ने इसकी वैधता पर संदेह जताया है। उन्होंने कहा कि सीएए को लेकर स्पष्टता नहीं है। टीएमसी प्रमुख ने कहा कि मैं किसी को भी बंगाल से छीनने नहीं दूंगी। बता दें कि कल यानी सोमवार को सीएए लागू हो गया है। ममता ने मंगलवार को एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने कल सीएए लागू कर दिया। मुझे इसकी वैधता पर संदेह है। सरकार की ओर से इसको लेकर स्पष्टता नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि साल 2019 में असम में एनआरसी के नाम पर 19 लाख में से 13 लाख हिंदू बंगालियों के नाम सूची से हटा दिए गए थे। उनमें से कई लोगों ने खुदकुशी कर ली। क्या उन्हें फिर से नागरिकता दी जाएगी ममता ने कहा कि उनके बच्चों का भविष्य क्या होगा? उनकी संपत्ति का क्या होगा? आपके सारे अधिकार छीन लिए जाएंगे, आपको 'अवैध' करार दिया जाएगा। यह आपके अधिकारों को छीनने का खेल है। आपको डिटेंशन कैंप में ले जाया जाएगा। आप लोग मेरी बात सुन लीजिए, मैं किसी को भी बंगाल से छीनने नहीं दूंगी। ममता ने कहा कि सीएए को कल ही क्यों लागू किया गया। दरअसल, अब रमजान शुरू हो गया है। ममता ने आगे कहा कि हम एनआरसी का विरोध भी करते रहेंगे। मुझे केवल इस बात की चिंता है कि क्या नए सीएए नियम नागरिकों के अधिकारों को खत्म कर देंगे। क्या अब उनके पास मौजूद दस्तावेजों का महत्व खत्म हो जाएगा।



डाक पंजीयन नं. AD -326/2024-2026 - website:www.aadhuniksamachar.com - E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com आधुनिक समाचार

# माघ मेला प्रयागराज में सकुशल संपन्न हो चुका है लेकिन स्नानार्थियों, तीर्थयात्रियों का आगमन लगातार संगम क्षेत्र में हो रहा है

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** मां गंगा में अकूत आस्था होते हुए भी आज हमने प्रातः काल संगम तट पर लोगों द्वारा शैंपू, साबुन, कपड़े का धुलने का को धुलते वहीं जल आप अपने इष्ट देव पर चढ़ाते हो,आप खुद आचमन करते हो ।इस जल से ही अपने पुर्वजों को भी तर्पण किया जाता है।इस कृत्य से ईश्वर कभी भी लिए जीवन दायिनी जल, वायु को प्रदूषित करता जा रहा है, हरे हरे पेड़ों को काट कर जीवनदायिनी आक्सीजन की मात्रा को कम करने पर उतारू



चलन आज़ भी जस का तस बना हुआ है। प्रातः काल अनामिका चौधरी प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश एवं प्रभारी चंदौली ने अपने पदाधिकारियों संग लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों को गंगा में साबुन, शैंपू लगाकर नहाते हुए को पकड़ा और आगे से ऐसा नहीं करने की हिदायत दी। कई अन्य लोगों को गंगा में अपने जूते, कपड़े को धुलते हुए देखने पर उनसे पूछा कि क्या यही जल आप पी सकते हैं? नहीं!जिस पवित्र जल में आप सभी साबुन - - शैंपू, कपड़े आदि प्रसनन्नहीं हो सकते हैं।अनामिका चौधरी ने बताया कि मां गंगा स्वर्ग से मानव जाति के कल्याण हेतु धरती पर उतरीं है, प्रतिदिन मनुष्य उनके जल से अपने पापों को धुलते रहे हैं। लेकिन यही स्वार्थी मनुष्य अपने हाथों से उसी मोक्षदायिनी गंगा के अस्तित्व को खत्म करने पर तुला हुआ है। मानव सभ्यता खत्म होने की कगार पर पहुंच गया है, अपने हाथों से लगातार अपने अपने कब्र खोदे जा रही है।यह मनुष्य केवल अपने सुख सुविधाओं के हैं। मनुष्य जिस पेड़ की डाल पर बैठा है वह उसी डाल को काट रहा है के कहावत को चरितार्थ कर रहा है।इसके सभी पदाधिकारियों राजेंद्र जायसवाल, अरूण कुमार निषाद,आर पी दुबे पत्रकार, विजय केलकर, अजय द्विवेदी अधिवक्ता, अजीत कुमार साहू, राजेंद्र केसरवानी, जान्हवी निषाद,मृणाली मिश्रा, राकेश मिश्रा, मेज़र सुनील निषाद आदि ने तटों से लगभग दो गाड़ी पालीथीन कचरे को इकट्ठा कर उसे मेला प्राधिकरण द्वारा निस्तारित कराया गया।

## कॉलेज कर्मचारी के निधन पर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रतापगढ़।** राम अंजोर मिश्र इंटर कॉलेज लालगंज के कर्मचारी सीताराम जायसवाल के असामयिक निधन पर लोगों ने अपनी हार्दिक शोक संवेदना व्यक्त की है। सगरा सुंदरपुर निवासी सीताराम जायसवाल उर्फ ननकऊ की 9 मार्च को रात्रि में हृदयाघात से हुई मृत्यु पर लोगों ने गहरा दुःख व्यक्त किया है।अपने मिलनसार व्यक्तित्व एवं सहयोगी प्रवृत्ति के कारण लोगों के बीच में वह बहुत ही लोकप्रिया थे।उनके निधन का समाचार सुनकर क्षेत्रवासियों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।ग्राम प्रधान पूनम जायसवाल, रामजी जायसवाल,श्यामजी जायसवाल, सरदार इंद्रजीत सिंह,व्यापार मण्डल अध्यक्ष प्रदीप सिंह,कृपा शंकर जायसवाल,सर्वेश जायसवाल, गोपाल मोदनवाल, प्रहलाद मोदनवाल,गोविंद मोदनवाल,शिव शंकर शुक्ल,रवि जायसवाल, राधेश पाण्डेय,प्रदीप जायसवाल, नासिर भाई,आनंद मोदनवाल, संतोष जायसवाल,राम सूरत तिवारी,उदय राज तिवारी,कल्लू बरनवाल,राम दास जायसवाल, मो0इसरार,लल्लू पाण्डेय, कुलदीप शुक्ल,संदीप शुक्ल आदि ने उनके निधन को दुःखदाई बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

# भाजपा को सत्ता में पुनःलाने के लिए समाज करेगा वोटिंग- सरदार पतविंदर सिंह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रयागराज।** प्रयागराज / पंजाबी,सिख और सिंधी समाज एकजुट होकर लोकसभा चुनाव में सिंह का । सरदार पतविंदर सिंह ने आगे कहा कि सपा,बसपा,कांग्रेस राजनीतिक पार्टियों के कुछ निजि स्वार्थी नेता गण समाज को अलग- सरदार पतविंदर सिंह ने आगे कहा कि सेवा को अपना धर्म मानने वाली कौम भाजपा के साथ है सिक्ख,सिंधी,पंजाबी की एकता की



भाजपा को सत्ता में पुनः लाने के लिए जनसंपर्क तेज कर दिया है काशी क्षेत्र अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने इसकी कमान संभाल ली है वे पंजाबी,सिख और सिंधी समाज की एकजुटता में फूट डालने की सपा,बसपा कॉंग्रेस राजनीतिक दलों की चाल को करारा जवाब देने की तैयारी में जुट गए हैंत् पंजाबी,सिख और सिंधी समाज का इतिहास पूर्व से अब तक आपस में एक है कोई भी राजनीतिक पार्टी इस समाज को आपस में बांट नहीं सकती। सबसे पहले कांग्रेस ने सिख समाज को अल्पसंख्यक का दर्जा दिया फिर भी आज तक पंजाबी, सिख,सिंधी में आपसी प्यार में कोई अंतर नहीं आया यह कहना है भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर थलग कर बिखराव करना चाहते हैं इसके पीछे का कारण एक ही है कहीं सिंधी,पंजाबी,सिख मिलकर भाजपा को समूह में वोटिंग ना कर दे,और लोकसभा में टिकटों की दावेदारी ना कर दे उनका मानना है कि जब एक जुटता से वोटिंग होगी तो सपा, बसपा,कांग्रेस का सफाया हो जाएगा और इसके साथ ही इनको टिकट देनी पड़ेगी तो हमारे समाज की भागीदारी कम हो जाएगीत् सरदार पतविंदर सिंह ने समस्त सिंधी, सिख,पंजाबी समाज से आह्वान किया कि वे आपसी भाईचारा,सद्भावना,प्रेम सन्हे,एकता बनाए रखें जिससे भाजपा समाज को टिकट देने पर विचार कर सकेत् क्योंकि हमारा समाज आजादी के बाद से संघ से जुड़ा हुआ है पूरा समाज एक होकर तन,मन और धन से भाजपा को विजय बनाएगा। ताकत का एहसास राजनीतिक दल को हैत्और पूर्व में हुई चूक दूर कर समाज के प्रति भाजपा से राजनीतिक बल मिलना ही चाहिए । अभी वक्त है मतदाता सूची में समाज का प्रत्येक युवा-युवातिया जो18 साल का हो गया है मतदान केंद्र पर मतदान के लिए पंक्तिबद्ध खड़े होकर इतनी लंबी पंक्ति रखे कि आपकी पंक्ति की ताकत को राजनीतिक दल समझे। काशी क्षेत्र,अल्पसंख्यक मोर्चा उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह ने आगे कहा कि सपा, बसपा,कॉंग्रेस राजनीतिक दल ने फूट डालो,राज करो का फार्मूला अपना रखा है । प्रदेश में कई लोकसभा सीटों पर समाज का एक-एक लाख से ऊपर का वोट है समाज को स्पष्ट भागीदारी मिलनी ही चाहिए।

# राष्ट्रीय सेवा शिविर में हुआ डॉ.रणजीत सिंह का प्रेरणाप्रद व्याख्यान एवं काव्य पाठ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रतापगढ़।**हेमवती नंदन बहुगुणा सनतकोत्तर महाविद्यालय लालगंज के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के छठें दिवस पर सुप्रसिद्ध कवि, कहानीकार, पत्रकार,प्राचार्य परंपरा और अधिगम पर विधिवत प्रकाश डाला।जीवन दर्शन से जुड़ी हुई कविताओं के साथ उन्होंने बेटी पर अपनी मार्मिक कविता का पाठ करके छात्र-छात्राओं कोभाव विभोर किया। कार्यक्रमाधिकारी डॉ.फणीन्द्र



सेवा त्याग ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए शिक्षा,शिक्षार्थी एवं शिक्षक के विभिनन्पहलुओं पर प्रकाश डालते हुए उन्हें स्वर्णिम भविष्य के निर्माण हेतु प्रतिबद्ध होने को कहा। उन्होंने प्राचीन काल से लेकर आज तक की नारी शिक्षा की विस्तार से चर्चा करते हुए लड़कियों की वर्तमान शैक्षिक स्थिति पर प्रसनन्ता व्यक्त किया। सीखने के लिए उन्होंने जहां विनोबा भावे के प्रेरणादायक शैक्षिक सिद्धांतों का जिक्र किया तो वहीं सुकरात के शिष्य प्लेटो द्वारा अपने गुरु के प्रति की गई निष्ठा और उसके हर एक शब्द को लिपिबद्ध करके सीखने की चर्चा करते हुए गुरु-शिष्य नारायण मिश्र ने शिविर की उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए स्वयं सेवकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा किया।संचालन डॉ.सीमा त्रिपाठी ने किया। सोनम बानो,अंजली सरोज, कंचन वर्मा,मीनाक्षी कोरी,खुशी सरोज,मुस्कान सरोज,खुशबू पाल,राधा रानी ओझा,शिवानी सरोज,संजना सरोज,दीक्षा पाण्डेय, अजीत नापित,अभय शर्मा, मोहम्मद नईम,लाल बहादुर, आदर्श पाण्डेय,सचिन जोशी,मोहित वर्मा ,कुलदीप मिश्रा,चंद्रशेखर गुप्ता,अभय सोनी,नीरज पटेल, अभिनव विश्वकर्मा आदि स्वयंसेवक शिविर में मौजूद रहे।

## भारत- भारतीय की मनिका सिंह स्मृतिमय कवि गोष्ठी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**

**प्रतापगढ़।** भारत-भारतीय ने 13 मार्च को अपराह्न 03बजे से 04 बजे तक सगरा सुंदरपुर में मनिका सिंह स्मृतिमय कवि गोष्ठी का आयोजन किया है। संयोजक कुलदीप शुक्ल ने बताया कि इस कवि गोष्ठी के मुख्य अतिथि विपणन निरीक्षक लक्ष्मणपुर गीतांशु कुमार अग्रहरि होंगे।प्रतिभागी कवि होंगे- डॉ. रणजीत सिंह,राधेश पाण्डेय एवं अजय सोनी।


आधुनिक
गेस्ट हाउस

- वाटर प्रूफ शेड
- पार्किंग की सुविधा
- मन्दिर की सुविधा
- सी.सी.टीवी.
- छोटे-बड़े कार्यक्रमों के अलग-अलग रेट
- 45000 sq. feet. एरिया
- हरे-भरे वातावरण
- AC कमरा (VIP)





CALL: 9519313894,9415608783, 9415608710

आधुनिक समाचार पब्लिशिंग हाउस, यूपीएसआईडीसी, रेमण्ड रोड, औधोगिक थाने के पीछे भारत पेट्रोलियम के पहले, औधोगिक क्षेत्र, नैनी, प्रयागराज

# लोंहदी के जीणोद्धार के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने भूमि पूजन के पश्चात फावड़ा चलाकर कार्य किया शुभाम्भ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर।** 12 मार्च 2024- जनपद की प्राचीन लोंहदी नदी के जीणोद्धार के लिए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने विधि विधान पूर्वक भूमि पूजन कर तथा हाथों में फावड़ा लेकर नदी के तलहटी में खुदाई कार्य का शुभारंभ करते हुए लोगों का आह्वान किया कि वह इस नदी के जीणोद्धार के साथ-साथ इसे संरक्षित करने के लिए आगे आए। लोहड़ी नदी को उन्होंने 11 ग्राम पंचायत के लोगों के लिए जीवन दायिनी बताते हुए कहा कि यह महज एक नदी नहीं बल्कि जीवन दायिनी भी हैं जिनका सीधा लगाव आम जनों से लेकर छोटे बड़े सभी जीव जंतुओं, पशु पक्षी एवं खेत खलियानों से भी जुड़ा हुआ है जिसकी अपेक्षा नहीं बल्कि इन्हें संरक्षण करने की आवश्यकता है। जिलाधिकारी ने प्राचीन लोंहदी नदी के जीणोद्धार के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बरसात के पहले हमें जल संरक्षण पर कार्य करना है। उन्होने कहा कि 02 वर्षों से पर्याप्त मात्रा में बारिश नहीं हुई है। वर्षा न होने से नदियों के जल स्तर पर भी काफी प्रभाव पड़ा है। नदी तालाब हो गए हैं उन्होंने कहा कि नदी (जल स्रोत) कभी सूखते नहीं बल्कि हमारी अपेक्षाओं से यह सूखते हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि लोंहदी नदी 11 ग्राम पंचायत को जोड़ते हुए 16 किलोमीटर में फैली हुई है जहां 19 चेक डैम यानी हर किलोमीटर पर चेक डैम बने हुए हैं जो सुरक्षित हो तो हर वर्ष वर्षा का पानी नदी में बराबर बना रहे नदी के तलहटी का मिट्टी खेतों के लिए खास उपयोगी है इसके बारे में उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि नदी के खुदाई में सभी सहयोग प्रदान करने के साथ-साथ इस मिट्टी का उपयोग अपने खेतों में करें, खेती के लिए काफी उपयोगी ही नहीं बल्कि ऊर्जावान भी है। जिलाधिकारी ने बताया कि जिले के विकासखंड सिटी में विलुप्त लोंहदी नदी का उद्गम स्थल बरकछा खुर्द के राजस्व गांव अटारी से होता है जो ग्राम पंचायत बरकछा खुर्द के अटारी से होते हुए विकासखंड के पर बरकछा खुर्द, छीतपुर, सिरसी गहरवार, सिरसी बघेल, लोंहदी खुर्द, नकहरा, लोंहदी कला, चन्दईपुर, गोपालपुर, राजापुर एवं कंतित ग्रामीण से गुजरती है, इस प्रकार से यह नदी कुल 11 ग्राम पंचायत से प्रभावित होती है और ग्राम पंचायत राजपुर में अंतिम छोर से गंगा नदी में मिल जाती है। उन्होने कहा कि यह नदी कुल 16.76 किलोमीटर की दूरी, कुल लागत रू0 101.74 लाख, जिसमें मनरेगा से 94.63 व्यय एवं 39243 मानव दिवस का सृजन करते हुये विकासखंड सिटी में तय करती हैं। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 11 ग्राम पंचायत में कार्य कराए जाना प्रस्तावित है जिसमें कुल प्राक्कलित लागत 101.74 लाख है। उक्त कार्य करने के लिए वित्तीय वर्ष 2023-24 की कार्य योजना में कार्य को सम्मिलित कर लिया गया है उपयुक्त कार्य में जल संरक्षण के विभिनन्न कार्य एवं वृक्षारोपण का भी कार्य किया जाना है जल संरक्षण के तहत लोंहदी नदी के जल प्रवाह का प्रवाह मार्ग पर चेक डैम एवं पापुलेशन आदि का भी निर्माण किया जाना प्रस्तावित है नदी में जल को स्वच्छ रखने हेतु यह आवश्यक है की नदी में मिलने वाले जल का उचित तरीके से सुन्दरीकरण किया जाए इसके लिए सभी स्थलों पर फिल्टर चेंबर का भी निर्माण किया जाएगा नदी में कुछ स्थानों पर जैसे चन्दईपुर, बरकछा खुर्द, गोपालपुर में बृहद वृक्षारोपण एवं अमृत उद्यान भी प्रस्तावित है।मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने कहा कि इस नदी को और भी गहरा बनाया जाएगा जल संचयन के साथ-साथ नदी के जीणोद्धार का कार्य और चेक डैम भी बनाए जाएंगे ताकि पानी का भूगर्भ बना रहे। उन्होंने ग्रामीणों से जन सहयोग की अपील करते हुए कहा कि वर्षा से पूर्व तीन-चार महीने में इस कार्य को पूर्ण करना है वर्षा में मीरजापुर का पानी बहने ना पाए इसे रोक कर नदी में ही बनाए रखना है ताकि इस विलुप्त होती नदी को बचाने के लिए सभी का जन सहयोग कारगर साबित होने के साथ-साथ इस नदी को और गहरा कर जल संरक्षण संचयन का कार्य किया जाएगा। उन्होंने लोंहदी नदी के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहां कि नदी 11 ग्राम पंचायत से होकर गुजरती है बरकछा खुर्द ग्राम पंचायत के राजस्व गांव से होते हुए यह अटारी पुल से आगे बढ़कर गंगा नदी में मिल जाती है। उन्होने कहा कि मार्च में ही यह नदी सूख जाती है जिसे बचाना और इसकी उपयोगिता को बनाए रखना हम सभी का कर्तव्य बनता है। उन्होंने कहा कि इस नदी के जीणोद्धार का उद्देश्य है इसे विलुप्त होने से बचाना तथा जल को सुरक्षित करना है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि यहां जल संरक्षण के लिए 400 कार्य स्वीकृत हैं जिनमें 180 कार्य स्वीकृत हो चुके हैं। कुछ स्थानों पर वृक्षारोपण एवं पांच बड़े पार्क को भी विकसित करने की योजना है। इसके लिए स्थान चयन किया जा रहा है मनरेगा एवं राज्य वित्त के कन्वर्जन से हो रहे इस कार्य में लगभग एक करोड़ की धनराशि खर्च होना है 39243 हजार मानव दिवस सृजित किए जाएंगे। लोंहदी नदी की जितनी ग्राम पंचायत इस नदी के दायरे में आने वाले एक नहर जो सिरसी गहरवार से नकहरा तक है उसे कब्जे से मुक्त कराया जायेगा। इस अवसर पर उपायुक्त एन0आर0एल0एम0 अनय मिश्रा, सिटी ब्लाक प्रमुख के प्रतिनिधि, खण्ड विकास अधिकारी सिटी सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहें।



# घूंघट की ओट में मरीज बन सरकारी अस्पताल पहुंचीं एसडीएम सच्चाई जान स्टाफ के उड़े होश; अखिलेश ने दी ये सलाह

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद की एसडीएम सदर कृतिराज मंगलवार को जब घूंघट की ओट में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दीदामई में मरीज के रूप में पहुंची तो अव्यवस्थाएं हावी दिखीं। वहीं, अखिलेश यादव ने भी उन्हें सलाह दी है। फिरोजाबाद में उपजिलाधिकारी सदर कृति राज ने घूंघट में सरकारी स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। एसडीएम को लगातार सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को होने वाली असुविधाओं के संबंध में शिकायतें मिल रहीं थीं। शिकायतों के बाद मंगलवार को उप-विभागीय मजिस्ट्रेट सदर कृति राज ने सरकारी स्वास्थ्य केंद्र का घूंघट में निरीक्षण किया। वहीं, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार पर इस मामले को लेकर हमला बोला है। साथ ही महिला अफसर के साहस की तारीफ की और सलाह भी दी। जानकारी के अनुसार, मंगलवार को एसडीएम सदर कृतिराज ने घूंघट में मरीज बनकर दीदामई के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में निरीक्षण के लिए पहुंच गईं। वह सबसे पहले, मरीजों के साथ पर्चा बनवाने के लिए कतार में खड़ी हुईं। मरीजों की भीड़ लगी थी, लेकिन बनाने वाला कर्मचारी नहीं था काफी देर में पर्चा बना, इसके बाद वह इंजेक्शन लगवाने के लिए काउंटर पर पहुंच गईं। यहां एंटी रेबीज का इंजेक्शन मनमाने ढंग से लगाया जा रहा था। इसके बाद वो स्टोर में पहुंचीं। यहां दवाएं एक्सपॉयरी थीं। वार्डों के गद्दों में धूल जमी थी। शौचालय की साफ-सफाई व्यवस्था बदहाल थी। उन्होंने सीएससी के हाल की रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी को भेजने का निणय्र लिया है, जिससे दोषियों के खिलाफ कार्रवाई हो सके। दरअसल, एसडीएम सदर कृतिराज को सीयूजी नंबर पर सूचना मिली कि शहर की नई आबादी वाले दीदामई स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर तमाम अव्यवस्थाएं हैं। सूचना मिलते ही एसडीएम सदर स्टाफ के साथ दीदामई अस्पताल पहुंच गईं। उन्होंने सुरक्षा गार्ड, गाड़ी, अर्दली और स्टाफ को अस्पताल से पहले छोड़ दिया। घूंघट की ओट में एसडीएम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंदर दाखिल हुईं। मरीजों की लाइन में खड़ी हो गईं। काफी देर बाद उनका नंबर आया तो उन्होंने दूसरे नाम से पर्चा बनवाया। पर्चा तो बन गया, लेकिन एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाने का तरीका खराब था। इंजेक्शन मनमाने ढंग से लगाया जा रहा था। डॉक्टर के पास पहुंची तो उनका व्यवहार ठीक नहीं था। वह दवा कक्ष में पहुंचीं और देखा तो स्टॉक में एक्सपॉयरी दवाएं रखी हुई थीं। इसके बाद एसडीएम सदर ने खुद का परिचय दिया तो हड़कंप मच गया। एसडीएम सदर ने इसके बाद वहां रखी दवाएं आदि की चेकिंग की। उन्होंने सुरक्षा गार्ड के साथ स्टेनो प्रदीप कुमार, रवि सारस्वत के साथ अन्य स्टाफ से पूरी स्थिति को दिखवाया। उन्होंने हिदायत दी कि मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। डिलीवरी रूम में उन्हें कोई मरीज नहीं मिला। एसडीएम सदर कृतिराज ने बताया कि मरीज के रूप में जाने से हकीकत सामने आई है। एसडीएम सदर कृति राज का कहना है "मुझे दीदा माई स्वास्थ्य केंद्र के संबंध में शिकायत मिली थी कि कुत्ते के काटने का इंजेक्शन लगाने के लिए डॉक्टर सुबह 10 बजे के बाद भी मौजूद नहीं थे।



# राम ने बदल दी राजनीति की दशा-दिशा, दुविधा में कांग्रेस; वामपंथ अस्त समाजवाद भी पस्त

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**लखनऊ।** लगभग चार दशक बाद विपक्ष नारा लगा रहा है, 'भाजपा हटाओ-देश बचाओ' या 'मोदी-हराओ देश बचाओ'। चार दशक का वक्त कोई कम नहीं होता। पर, नारे एक जैसे हैं। लक्ष्य भी एक-सा है। अस्सी के दशक में विपक्ष का नारा था, 'कांग्रेस हटाओ-देश बचाओ' या 'इंदिरा हराओ-देश बचाओ'। लगभग चार दशक बाद विपक्ष नारा लगा रहा है, 'भाजपा हटाओ-देश बचाओ' या 'मोदी-हराओ देश बचाओ'। चार दशक का वक्त कोई कम नहीं होता। पर, नारे एक जैसे हैं। लक्ष्य भी एक-सा है। सत्तारूढ़ दल को हराने के लिए विपक्षी एकजुटता की जद्दोजहद जारी है। बदले हैं तो सिर्फ किरदार। हां! कुछ का दिल बदला, तो दल भी बदल लिए। नारों के पात्र बदल गए। सियासी दलों का मतदाताओं पर फोकस का तौर-तरीका बदल गया। मतदाताओं की प्राथमिकता बदल गई। राजनेताओं की भूमिका भी बदल गई। तब भाजपा अस्तित्व के संघर्ष से जूझ रही थी और अब कांग्रेस जूझ रही है। वामपंथी खेमा अस्त हो गया और समाजवाद भी पस्त हो चुका है। जातीय राजनीति ने उछाल मारा तो बसपा जैसे दल उभर गए। क्षणिक उभार के बाद हिंदुत्व की लहर के नीचे ये सब दबते चले गए। पर, यह सब रातों-रात नहीं हो गया। इस सबके पीछे एक लंबी कहानी है। बदलाव की इस कहानी का विश्लेषण करें तो केंद्र में दिखता है-अयोध्या का श्रीराम जन्मभूमि मंदिर, जिसने हिंदुओं को एक राजनीतिक ताकत के रूप में बदल दिया। मुस्लिम वोटों के वर्चस्व को तोड़ दिया।



# गिरफ्तारी के लिए दिल्ली गई बरेली पुलिस की टीम, आज कोर्ट में पेश करने का है आदेश

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**लखनऊ।** एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार दिवाकर ने मौलाना तौकीर रजा खां को गिरफ्तार कर बुधवार को पेश करने के आदेश दिए हैं। इसी क्रम में दिल्ली गई बरेली पुलिस की टीम वहां मौलाना के संभावित पतों पर जाएगी। वर्ष 2010 में हुए बरेली दंगे के लिए कोर्ट से मास्टरमाइंड हराए गए आईएमसी प्रमुख मौलाना तौकीर रजा सुरक्षा में लगे पुलिस कमिर्यों को गच्चा देकर फरार हो गए हैं। कोर्ट से गैर जमानती जारी होने के बाद स्थानीय पुलिस की एक टीम सीओ प्रथम के नेतृत्व में उनकी गिरफ्तारी के लिए दिल्ली गई है। मौलाना का मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ है। एडीजे फास्ट ट्रैक कोर्ट रवि कुमार दिवाकर ने उन्हें गिरफ्तार कर बुधवार, 13 मार्च को पेश करने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने सोमवार को गैर जमानती वारंट जारी से करने पहले बीते हफ्ते पांच मार्च को समन जारी कर मौलाना को 11 मार्च को हाजिर होने का आदेश दिया था। समन तामील कराने की जिम्मेदारी प्रेमनगर इंस्पेक्टर आशुतोष रघुवंशी को दी गई थी, लेकिन पुलिस उन तक समन नहीं पहुंचा सकी। कोर्ट ने इस पर भी नाराजगी जताई है। पुलिस ने मौलाना के घर पर किसी के मौजूद न होने व ताला पड़ा होने की दलील दी, जबकि इस दौरान घर खुला था। इसी पर कोर्ट ने कहा भी है कि पुलिस चाहती तो दरवाजे पर भी समन चस्पा कर सकती थी। यही नहीं मौलाना दिल्ली में थे और उनका मोबाइल फोन एक दिन पहले तक बराबर खुला था, जो कि अब बंद हो गया है।थाना पुलिस के टालमटोल के रवैये को देखते हुए ही कोर्ट ने प्रेमनगर थाना प्रभारी को मौलाना का मददगार बताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई का निर्देश भी एक दिन पहले दिया है। साथ मौलाना को गिरफ्तार कर पेश करने की जिम्मेदारी सीओ प्रथम संदीप कुमार सिंह को दी है। इसी क्रम में दिल्ली गई टीम वहां मौलाना के संभावित पतों पर जाएगी। मौलाना तौकीर की सुरक्षा में काफी समय से बरेली पुलिस के दो गनर चल रहे हैं। कुछ दिन पहले जब मौलाना ने सामूहिक गिरफ्तारी की चेतावनी दी थी तो शहर में माहौल बिगड़ने का अंदेशा था। अफसरों ने तब मौलाना की सुरक्षा वापस लेकर गनर हटा लिए थे।



# 1989 में हुआ था कमाल अब भी कायम है परमाई लाल की वो मिसाल

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**लखनऊ।** कमाल की यह मिसाल दिग्गज नेता रहे परमाई लाल ने कायम की थी। परमाई लाल की गिनती समाजवादी दिग्गज मुलायम सिंह यादव के घनिष्ठ लोगों में होती थी। किस्सा 1989 का है। जिले की राजनीति में वर्ष 1989 में हुआ कमाल अब तक एक मिसाल है। कमाल की यह मिसाल दिग्गज नेता रहे परमाई लाल ने कायम की थी। परमाई लाल की गिनती समाजवादी दिग्गज मुलायम सिंह यादव के घनिष्ठ लोगों में होती थी। किस्सा 1989 का है। तब लोकसभा चुनाव के साथ ही यूपी में विधानसभा चुनाव भी हुए थे। इस चुनाव में परमाई लाल हरदोई संसदीय क्षेत्र के साथ ही तत्कालीन अहिरोरी विधानसभा क्षेत्र से भी जनता दल के टिकट पर चुनाव लड़े थे। जनता ने परमाई लाल पर खूब सन्हे बरसाया। उन्हें दिल्ली और लखनऊ दोनों जगह के लिए चुन लिया। दोनों सीटों में से एक सीट से परमाई लाल को इस्तीफा देना था। उन्होंने अपने करीबियों से विचार-विमर्श किया और फिर मुलायम सिंह यादव से चर्चा की। इसके बाद उन्होंने लोकसभा की सदस्यता छोड़ दी। मुलायम सिंह यादव ने उनके इस निणय्र को तब- 'बड़े दिल के शख्स का बड़ा निणय्र' बताकर सार्वजनिक रूप से तारीफ की थी।






## प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** प्रधान क्षेत्र पंचायत स्वाभिमान संघ के बैनर चले सोनभद्र जिला कार्यालय बीडीसी संघ का उद्घाटन सोमवार को जिला पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा फीता काटकर किया गया। जिसमें वीडीसी सघके प्रदेश उपाध्यक्ष पवन कुमार शुक्ला व जिला संरक्षक रामसेवक पटेल ने बताया कि कार्यालय के माध्यम से प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य एकत्रित होकर अपनी समस्याओं को एक दूसरे के संबंध रख पाएंगे और क्षेत्र में विकास कार्यों संबंधित के मुद्दों पर चर्चा करते हुए कार्य किया जाएगा जिसको लेकर कार्यालय का उद्घाटन किया गया जिसमें मौजूद सभी ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों को उनके क्षेत्र के विकास कार्यों पर चर्चा किया गया और संगठन के मजबूती को लेकर संगठन को एकत्रित कर मजबूत संदेश देने का कार्य करने को लेकर किया गया प्रेरित। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री चंद्रभान सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष फेकाईसिंह, जिला अध्यक्ष सरताज अहमद खान अन्य साथी रहे मौजूद।



## पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर द्वारा आम जनमानस से संवाद स्थापित कर कराया गया सुरक्षा का एहसास

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर द्वारा पुलिस अधीक्षक मीरजापुर के साथ नगर क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल के साथ किया गया रूट मार्च, आम जनमानस से संवाद स्थापित कर कराया गया सुरक्षा का एहसास 11.03.2024 को नागरिकता संशोधन कानून के नोटिफिकेशन जारी होने तथा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 एवं त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराये जाने व जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के मद्देनजर पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर.पी.सिंह द्वारा पुलिस अधीक्षक मीरजापुर अभिनन्दन के साथ नगर क्षेत्र के संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों सहित नगर के प्रमुख चौराहों/मार्गों पर भारी संख्या में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया गया । इस दौरान आम जनमानस, दुकानदारों, राहगिरों सहित विभिन्न धर्मगुरुओं से जनसंवाद स्थापित कर उन्हे सुरक्षा का एहसास कराया गया । किसी प्रकार की भ्रामक खबरों/अफवाहों पर ध्यान न दें । सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट्फार्मों पर सतत् निगरानी की जा रही है, भड़काऊ पोस्ट, भ्रामक खबर/अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी । आमजन से अपील है कि जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनायें रखने में पुलिस को सहयोग प्रदान करें । किसी प्रकार साम्प्रदायिकता, भड़काऊ पोस्ट, भ्रामक खबर साझा करने से बचें । उक्त पैदल गश्त के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ऑपरेशन, क्षेत्राधिकारी नगर व प्रभारी निरीक्षक को0शहर, को0कटरा सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे । इसी क्रम में जनपद के सभी थानों क्षेत्रों में पुलिस अधिकारीगण द्वारा पर्याप्त पुलिस बल के साथ संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया जा रहा है ।



## रसोइयों ने अपनी मांगों को लेकर निकाला जुलूस किया प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार को जुलूस निकाल कर विरोध प्रदर्शन करते रसोइया संघ डीएम ऑफिस में देखकर बुलंद की आवाज। अध्यक्षता कर रही मनने देवी ने बताया कि हम रसोइया कर्मी बहुत अल्प मानदेय और बेहद कठिन परिस्थितियों में अपने कार्य को वर्षों से कुशलता पूर्वक संपादित करती आ रही हैं। मिलने वाली मानदेय की राशि भी आज तक कभी भी नियमित रूप से नही मिली। वर्तमान समय में भी 4 माह का मानदेय बकाया है । न तो कोई स्वास्थ्य सुविधा है और न ही जीवन बीमा । नवीनीकरण के नाम पर मनमाने ढंग से निष्कासन आम बात हो गई है। धुंआ मुक्त प्रदेश में हम जुगाड की लकड़ी में खाना पकाने के लिए बाध्य हैं। गैस सिलेंडर नुमाइस की सामान भर हैं। खाना बनाने के साथ सफाई कर्मचारी से लेकर चपरासी तक के सारे काम करने पड़ते हैं। कोई आकस्मिक और बीमारी का कोई अवकास नही मिलता। वही बताया कि हमारी निम्न मांगो पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर उन्हे पूरा करते हुए हम रसोइया कर्मियों को भी सामान्य जीवन जीने का हक प्रदान करने की कृपा की जायेगी। मांग1ऽ45 वें भारतीय श्रम सम्मेलन की सिफारिश के अनुरूप रसोइया कर्मियों के स्थाई करण, न्यूनतम वेतन, ईएसआई व ईपीएफ की सुविधा, सेवा निवृत्ति पर ग्रेड्यूटी और पेंशन की सुविधा की गारंटी की जाय। 2विगत 4 माह का बकाया तत्काल भुगतान किया जाय।3 पूरे 12 माह का मानदेय अनुमन्य किया जाय।4 सभी विद्यालयों को एक सर्कुलर जारी किए जाने वाले दुर्व्यवहार पर रोक लगाई जाए। और उत्पीड़न की घटनाओं और यौन दुर्व्यहार के विरुद्ध त्वरित न्याय के लिए जेंडर सेल गठित की जाय।5विद्यालयों में खाना बनाने के कार्य के अलावा कराई जा रही बेगार पर रोक लगाने के लिए आदेशित किया जाय। इस दौरान अध्यक्ष मनने देवी सचिव ममता देवी ट्रेड यूनियन एक्टू जिला अध्यक्ष कामरेड कलीम सुनीता देवी रीता देवी माला देवी वंदना देवी पुष्पा देवी गीता देवी तमाम रसोइया मौजूद थे छात्र नेता अमीना खातून उर्फ चारु।



## विकास प्रदर्शनी के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार की विकासपरक योजनाओं से रूबरू

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार की नीतियों, निणर्यों, उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार हेतु ''सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास'' से सम्बन्धित राबर्ट्सगंज के आर0टी0एस0 क्लब में आयोजित 'विकास प्रदर्शनी' का मा0 विधायक सदर भूपेश चैबे ने फीता काटकर शुभारम्भ किया, इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रूबी प्रसाद,ब्लाक प्रमुख राबर्ट्सगंज अजीत रावत,जिला सूचना अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद विजय कुमार यादव, पी0ओ0 डूडा राजेश उपाध्याय उपस्थित रहें, इस दौरान सभी अतिथियों को विकास प्रदर्शनी में लगे सभी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी, इस दौरान विधायक सदर ने उपस्थित जनमानस को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ जी के कुशल नेतृत्व में अन्त्योदय को भी विभिनन जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू व परिचित कराने के लिए इस विकास प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है, विकास प्रदर्शनी की सराहना करते हुए विधायक सदर ने कहा कि प्रदर्शनी में लगे विकास परक योजनाओं व उपलब्धियों व कीर्तिमानों का अवलोकन करने के लिए जनपदवासी विकास प्रदर्शनी को देखें और सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से रूबरू हों, इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या सुमंला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से आच्छादित हो रहे हैं, जल, थल नल सहित टेकनेलॉजी के क्षेत्र में व्यापक स्तर पर विकास हुआ है, केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा इन क्षेत्रों में विशेष उपलब्धि अर्जित की है, देश व प्रदेश का प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में चैमुखी विकास हो रहा है, उन्होंने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनहितार्थ विभिनन कल्याणकारी, विकास के पथ पर अग्रसर नये आयामों सहित जनपद के विकास कार्यों पर प्रकाश डाला, जिला सूचना अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने बताया कि यह विकास प्रदर्शनी 11 मार्च से प्रारंभ होकर 13 मार्च,2024 तक संचालित रहेगी। इस दौरान अध्यक्ष नगर पालिका परिषद रूबी प्रसाद ने केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सुमंगला योजना, महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना, निराश्रित पेंशन योजना, 1090 वूमैन पावर योजना, मिशन शक्ति सहित केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस दौरान ब्लाक प्रमुख सदर अजीत रावत व जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि दिनेश बियार, सांसद के प्रतिनिधि वेद ने भी केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के सम्बन्ध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी, कार्यक्रम का सफल संचालन साधना मिश्रा ने किया, आयोजित प्रदर्शनी के मौके पर प्रतिनिधिगण, सूचना कार्यालय के मुकेश कुमार भारती, आर्यभट्ट मौर्य, जिला प्रोबेशन कार्यालय के जिला बाल संरक्षण इकाई ओ0आर0 डब्लूयू0 शेषमणि दूबे, संरक्षण अधिकारी रोमी पाठक, सामाजिक कार्यकर्ता आकांक्षा उपाध्याय, नीलू यादव, बजरंग सिंह, अंशु गिरि, सुधा गिरि, बाबू अहमद, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका सहित अन्य सम्मानित जनप्रतिधिगण व नागरिकगण उपस्थित रहें।



## अवैध रूप से अफीम की खेती करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, 2675 अफीम पोस्त के पौधे मय डोडा( अनुमानित कीमत 02 करोड़ ) बरामद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक मीरजापुर ठअभिनन्दनठद्वाराआगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पनन कराने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने तथा अवैध रूप से मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण को निर्देश दिया गया है । उक्त निर्देश के अनुक्रम में एसओजी, सर्विलांस व थाना विन्ध्याचल पुलिस बल को बड़ी सफलता हाथ लगी है । आज दिनांकः11.03.2024 को थाना विन्ध्याचल पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम पियरीभीट में एक व्यक्ति अफीम पोस्त के पौधों की खेती किया है उक्त सूचना पर एसओजी, सर्विलांस व थाना विन्ध्याचल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा दबिश देकर अवैध रुप से अफीम की खेती करने वाले अभियुक्त फूलचन्द्र बिन्द पुत्र स्व0नचकू बिन्द निवासी पियरीभीट थाना विन्ध्याचल जनपद मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया तथा मौके से अनुमानित कीमत ? 02 करोड़ के 2675 अफीम पोस्त के पौधे मय डोडा(वजन 109 किग्रा) बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना विन्ध्याचल पर मु0अ0सं0-47/2024 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए मा0न्यायालय/जेल भेजा जा रहा है ।



## जिले की सीमाओं, संवेदनशील क्षेत्रों तथा चौराहों पर लगेंगे सीसी कैमरे

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) की मंगलवार को हुई बैठक में सोनभद्र जिले की सीमाओं के अलावा संवेदनशील स्थलों तथा चौराहों और तिराहों समेत 15 स्थानों पर सीसी कैमरे लगाने का निणर्य लिया गया। बोर्ड की बैठक में प्राधिकरण की निधि से 21 स्थानों पर विकास के लिए प्रस्तावित कार्यों में से 11 को स्वीकृति प्रदान की गई।बैठक में सीसी रोड के निर्माण के औचित्य की जांच के लिए एसडीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी भी गठित की गई। कमेटी में दो अभियंता शामिल किए गए हैं। मंडलायुक्त डॉ.मुथुकुमार स्वामी बी की अध्यक्षता में हुई बैठक में अधिकारियों को प्राधिकरण की आय बढ़ाने के लिए कायर्योजना बनाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान सोनभद्र के सीडीओ ने साडा के पदाधिकारियों के बारे में जानकारी दी। साडा की पूर्व में हुई बोर्ड की बैठक में लिए गए निणर्यों की अनुपालन आख्या भी प्रस्तुत की। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 में वास्तविक आय तथा व्यय के अनुमोदन एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित बजट पर भी बैठक में विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान मंडलायुक्त ने अधिकारियों को प्राधिकरण की आय बढ़ाने के लिए कायर्योजना तैयार करने का निर्देश दिया। सीसी रोड निर्माण के औचित्य को लेकर मंडलायुक्त ने एसडीएम की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की। कमेटी से औचित्य संबंधी रिपोर्ट प्राप्त कर अगली बैठक में प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में शक्तिनगर विशेष क्षेत्र प्राधिकरण बोर्ड ( साडा ) की बैठक सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मीरजापुर।** मीरजापुर 12 मार्च 2024- मण्डलायुक्त/अध्यक्ष शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साडा) बोर्ड डॉ0 मुथुकुमार स्वामी बी0 अध्यक्षता में बैठक आज आयुक्त कार्यालय सभागार मीरजापुर में प्राधिकरण बोर्ड के मा0 सदस्यों/प्रतिनिधि की उपस्थिति में आहूत की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सोनभद्र ने जानकारी देते हुये बताया कि साडा बोर्ड में आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल अध्यक्ष, प्रमुख सचिव आवास एवं शहरी नियोजन उत्तर प्रदेश, प्रमुख सचिव वित्त विभाग उत्तर प्रदेश, प्रमुख सचिव नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक उत्तर प्रदेश, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड शक्तिभवन लखनऊ, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश जल निगम, जिलाधिकारी सोनभद्र, महाप्रबन्धक एन0टी0पी0सी0 सिंगरौली, सुपरपावर प्रोजेक्ट शक्तिनगर, महाप्रबन्धक एन0टी0पी0सी0 रिहंट सुपरपावर टर्मम प्रोजेक्ट रिहंदनगर सोनभद्र, महा प्रबन्धक नार्दन कोलफिल्डस लिमिटेड, बीना सोनभद्र, मुख्य महाप्रबन्धक अनपरा तापी परियोजनाए अनपरा के अलावा श्री धर्मवीर तिवारी राबटर्सगंज सोनभद्र, श्री केसी जैन अनपरा सोनभद्र साडा बोर्ड के सदस्य के रूप में नामित हैं, जबकि आज की बैठक में प्रमुख सचिव आवाास एवं शहरी नियोजन के प्रतिनिधि, प्रमुख सचिव वित्त के प्रतिनिधि मुख्य कोषाधिकारी अर्चना त्रिपाठी, प्रमुख सचिव नियोजन के प्रतिनिधि उप निदेशक अर्थ एवं संख्या विन्ध्याचल मण्डल, मुख्य नगर एवं नियोजक उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि सहयुक्त नियोजक नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग वाराणसी तथा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड शक्तिभवन के प्रतिनिधि, मुख्य महाप्रबन्धक ओबरा ताप एवं जल विद्युत परियोजना सोनभद्र के अलावा सभी सम्बन्धित मा0 सदस्यगण उपस्थित रहें। बैठक का शुभारम्भ विगत दिनांक 24.05.2023 को 48वीं बोर्ड की बैठक में लिये गये निणर्य की अनुपालन आख्या मण्डलायुक्त द्वारा समीक्षा की गयी। तत्पश्चात वित्तीय वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत वास्तविक आय/व्यय के अनुमोदन एवं वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रस्तावित बजट की स्वीकृति पर विचार किया गया। मण्ड



## इलेक्टोरल बांन्ड के सवाल को लेकर कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं का जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**सोनभद्र।** सोनभद्र, मंगलवार को कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकर्ताओं ने इलेक्टोरल बान्ड के सवाल को लेकर मोदी सरकार और एसबीआई के गठजोड़ के खिलाफ जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन किया । जहां भाकपा, माकपा और माले के नेताओं ने कहा कि भारत सरकार के दबाव और चुनाव से पहले सच्चाई को दबाने की प्रयास और असंवैधानिक चुनावी बांड के विवरण देने में एसबीआई की देरी के खिलाफ अवमानना की कार्यवाही की मांग करते हैं और इसके साथ ही पीएम केयर फंड को भी सार्वजनिक किया जाय। प्रदर्शन के दौरान कम्युनिस्ट नेताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने वर्ष 2017 में वित्त विधेयक के माध्यम से चुनावी बांड योजना को लाया जिसे वर्ष 2018 में लागू किया गया यह चुनावी बांड भारतीय स्टेट बैंक आफ इंडिया के जरिए राजनीतिक दलों को मिलने वाला फंडिंग (धन) है जिसे गुप्त रखा जाता है जिसकी जानकारी आम जनता या मतदाताओं को नहीं दिया जाता। चुनावी बांड के जरिए कौन पैसा जमा कर रहा है कितना पैसा जमा कर रहा है और किस पार्टी के लिए जमा कर रहा है यहां तक की जन सूचना का अधिकार अधिनियम के माध्यम से भी सूचना मांगने वालों को यह कहकर जानकारी देने से इनकार कर दिया जाता है कि यह सूचना आम नागरिकों को सार्वजनिक नहीं किया जा सकता। जबकि चुनावी बांड के जरिए मोदी सरकार ने अब तक 5851 करोड़ रूपया को इकट्ठा कर बड़ी धड़ल्ले के साथ चुनाव में इस्तेमाल कर रही है। लेकिन चुनावी बांड के चंदे का विवरण एसबीआई और सरकार नहीं दे रही है और ना ही चुनाव आयोग द्वारा सरकार से विवरण मांगकर सार्वजनिक किया जा रहा है। जबकि भारतीय संविधान के अनुच्छेद - 19, के अंतर्गत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अधिकार का हिस्सा है फिर भी मोदी सरकार के दबाव में एसबीआई जनता के अधिकार का हनन कर संविधान की धज्जियां उड़ा रही है निश्चित है कि इस चुनावी बांड से सत्ता में मौजूद सरकार इसका लाभ उठा रही है, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव बाधित कर रही है। काले धन का खतरा बढ़ गया है, कारपोरेट संस्थाओं के पारदर्शिता और दान सीमा में कई प्रकार की कमियां पैदा हो गई है, सेल कंपनियों के जरिए राजनीतिक फंडिंग में काले धन का योगदान बढ़ गया है, इस प्रकार से चुनावी बांड की गोपनीयता मतदाता के अधिकार का उल्लंघन है इसके खिलाफ कम्युनिस्ट पार्टी ने और अन्य एनजीओ द्वारा आम नागरिक और मतदाताओं के अधिकार व उसके अभिव्यक्ति की सुरक्षा चुनावी बांड के पारदर्शिता को लेकर उच्चतम न्यायालय में चुनौती दिया गया था जिसे न्यायालय के पांच जजों की पीठ ने स्वीकार करते हुए दिनांक 15 फरवरी 2024 को सरकार द्वारा लाई गई चुनावी बांड पर रोक लगा दिया और भारतीय स्टेट बैंक को न्यायालय ने निर्देश दिया की चुनावी बांड के सभी विवरण को तीन सप्ताह के अंदर चुनाव आयोग को दें जिसकी समय सीमा 6 मार्च 2024 को रही। परंतु भारतीय स्टेट बैंक आफ इंडिया ने समय के अंदर विवरण देने में असफल रहा। निश्चित है कि 2024 के लोकसभा के चुनाव से पहले चुनावी बांड के फंडिंग का असलियत ना खुले मोदी सरकार बच्ची रहे साजिसन एस बी आई ने 6 मार्च की समय सीमा की पूर्व संध्या पर अदालत का दरवाजा खटखटाया और अदालत से 30 जून तक विवरण जमा करने के लिए 116 दिन के समय की मांग किया है। जिससे स्पष्ट है कि बैंक सुनिश्चित करना चाहता है कि चुनाव खत्म होने तक चुनावी बांड का विवरण सार्वजनिक नहीं किया जाए। इसलिए वामपंथी दलों ने राष्ट्रीय आवाहन किया है कि सुप्रीम कोर्ट को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारतीय स्टेट बैंक आफ इंडिया चुनावी बांड के सभी विवरण को तुरंत प्रस्तुत करें, जिसको लेकर जनपद सोनभद्र के वामपंथी दल के कार्यकर्ता प्रदर्शन के माध्यम से मांग करते हुए महामहिम राष्ट्रपति महोदय के नाम जिला अधिकारी जनपद सोनभद्र उत्तर प्रदेश को दी इस आशय के साथ मांग पत्र सौंपा जा रहा है की सरकार और बैंक के किसी भी प्रकार की साजिश से न्यायालय बचे, जो निमन्वत है- 1 - भारत के अंदर सभी बैंकों का संपूर्ण कामकाज डिजिटल है तो उसे चुनावी बांड का विवरण देने के लिए इतना लंबे समय की जरूर क्यों पड़ी है इसका सीधा मतलब है की स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया मोदी सरकार के दबाव में है और सरकार चुनाव के दौरान अपने असली चेहरे को जनता के सामने बेनकाब नहीं होने देना चाहती है इसलिए 116 दिनों का समय का मांग कर आदेश को लटकना चाहते हैं जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता । 2 - भारतीय स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया ने जानबूझकर उच्चतम न्यायालय के आदेश का पालन नहीं करते हुए न्यायालय द्वारा निर्धारित समय का उलुंघन किया है इसलिए बैंक के ऊपर अवमानना की केस दर्ज हो । 3 - इलेक्टोरल बांड के जरिए बीजेपी व अन्य दलों को प्राप्त धनराशि वाले खाते को जप्त किया जाए। इस अवसर प्रमुख रुप से भाकपा के जिला सचिव कामरेड आर के शर्मा, माकपा के जिला मंत्री कामरेड नंद लाल आर्या, माले के जिला सचिव कामरेड सुरेश कोल, शंकर कोल, एडवोकेट अशोक कुमार कननैजिया, अमर नाथ सूर्य, प्रेम चंद गुप्ता, पुरषोत्तम, प्रेम नाथ, राजबली, अमृत लाल, पकड्डु सिंह, बाबूलाल भारती, नोहर, राजदेव गोंड, दीनानाथ भारती, संतरा देवी, बरती देवी व लालती देवी आदि कम्युनिस्ट नेता मौजूद रहे।




## परिषदीय विद्यालयों की परीक्षा 16 से

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** जिले के परिषदीय विद्यालयों में 16 मार्च से वार्षिक परीक्षा शुरू होगी। पहले दिन कक्षा एक से पांच तक सभी विषयों की मौखिक परीक्षा होगी।
इसी प्रकार पहले दिन कक्षा छह से कक्षा आठ तक की कक्षाओं की क्राफ्ट, कला, कृषि और स्काउट गाइड की परीक्षा होगी। कक्षा एक की सभी परीक्षाएं मौखिक होंगी। कक्षा दो और तीन की मौखिक तथा लिखित दोनों परीक्षाएं होंगी। 17 मार्च को रविवार है। अगले दिन 18 मार्च को हिंदी तथा गणित विषय की परीक्षा होगी। सभी परीक्षाएं 21 मार्च को समाप्त हो जाएंगी। इसके बाद 22 से 25 मार्च तक मूल्यांकन होगा। साथ ही परीक्षाफल तैयार किया जाएगा। परीक्षाफल का वितरण 31 मार्च को समारोह आयोजित कर किया जाएगा। यह जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। परीक्षाएं निर्धारित समय से तय कार्यक्रम के अनुसार होंगी।

## 1496 परीक्षक करेंगे उत्तर पुस्तिकाओं का

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** जिले में यूपी बोर्ड की हाईस्कूल तथआ इंटरमीडिएट की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं आनी शुरू हो गई हैं। इसके साथ ही मूल्यांकन की तैयारियां भी तेज हो गई हैं। इस बीच उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए परीक्षकों की सूची भी जारी कर दी गई है। मूल्यांकन 16 मार्च से प्रस्तावित है। इस बार मूल्यांकन के लिए 1496 परीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।जिले में उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए तीन केंद्र बनाए गए हैं।

# पीएसएल 2024 यूएई के इस बल्लेबाज ने मचाया 'गदर', जड़ दिया सीजन का दूसरा शतक

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में जन्मे यूएई के लिए क्रिकेट खेलने वाले उस्मान खान का बल्ला पीएसएल 2024 में रिकॉर्ड भी है। अब वह एसोसिएट नेशन के खिलाड़ी के रूप में पीएसएल में खेल रहे हैं। पाकिस्तान टीम में जगह और खाने की दिक्कत पर 228 का स्कोर टांग दिया। इसमें सबसे बड़ा योगदान उस्मान खान का रहा। उस्मान खान ने तूफानी बल्लेबाजी करते हुए 50 गेंद पर



रन उगल रहा है। यूएई के विकेटकीपर बल्लेबाज उस्मान खान (ब्रेंह्स खेंह) ने मुल्तान सुल्तान के लिए खेलते हुए सीजन की सेंचुरी जड़ दी है। इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ उस्मान ने 50 गेंद पर नाबाद 100 रन बनाए। पाकिस्तान टीम में जगह और खाने की दिक्कत को देखते हुए उस्मान खान यूएई शिफ्ट हो गए थे। पाकिस्तान सुपर लीग 2023 में वह घरेलू खिलाड़ी के रूप में हिस्सा ले चुके हैं। साथ ही 2023 में उनके नाम पीएसएल का सबसे तेज शतक जड़ने का को देखते हुए उस्मान खान यूएई शिफ्ट हो गए थे। पाकिस्तान सुपर लीग 2023 में वह घरेलू खिलाड़ी के रूप में हिस्सा ले चुके हैं। साथ ही 2023 में उनके नाम पीएसएल का सबसे तेज शतक जड़ने का रिकॉर्ड भी है। अब वह एसोसिएट नेशन के खिलाड़ी के रूप में पीएसएल में खेल रहे हैं। रविवार को प्लेऑफ में पहले ही पहुंच चुकी मुल्तान सुल्तान, इस्लामाबाद यूनाइटेड के खिलाफ उतरी। मुल्तान सुल्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बोर्ड पर 4 विकेट के नुकसान सीजन का दूसरा शतक जड़ दिया। 100 रन की नाबाद पारी के दौरान उस्मान ने 15 चौके और 3 गगनचुंबी सिक्स लगाए। जेसन चाल्स ने 18 गेंद पर 42 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। उस्मान खान का यह दूसरा शतक था। इससे पहले यूएई के इस खिलाड़ी ने कराची किंग्स के खिलाफ शतक जड़ा था। उस्मान खान ने 59 गेंद में 106 रन की नाबाद पारी खेली। उस्मान की पारी में 10 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 179 का रहा।

# महा घटिया प्रदर्शन, 230 रन का पीछा करते हुए सिर्फ 16 रन पर ढेर हुई पूरी टीम

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** 20 ओवर यानी 120 गेंदों का पूरा क्रिकेट मैच, लेकिन 120 गेंदों के मैच में अगर कोई टीम 16 रन पर ढेर हो जाए तो रन पर ढेर हो गई। फाइनल मुकाबले में टीम का शर्मनाक प्रदर्शन रहा। इस मैच में टी20 क्रिकेट (ऊ20 ण्मि्) के इतिहास का तीसरा सबसे कम स्कोर बना। मशोनलैंड ईगल्स में इंग्लैंड की प्लेइंग-11 में शामिल नहीं थे और वह हरारे में यह फाइनल मैच खेलने पहुंचे। इस मैच में रॉबिनसन ने अपनी पारी में 7 चौके और 3 छक्के लगाए। उनके अलावा बैस डी लीड ने 58 रन की पारी खेली। हेडन मस्टर्ड के बल्ले से नाबाद 46 रन निकले। इसके जवाब में माशोनलैंड ईगल्स की टीम की शुरुआत खराब रही। दोनों सलामी बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए। मैथ्यू वेल्च 1 रन पर पवेलियन लौटे। इसके तरह पूरी टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। ईगल्स टीम के 5 बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए। टीम की तरफ से कोई बल्लेबाज 4 रन से ज्यादा रन का स्कोर नहीं बना पाया। टी20 क्रिकेट में सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड आइल ऑफ मैन देश के नाम दर्ज है। 26 फरवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ 6 टी20 के आखिरी मैच में आइल ऑफ मैन की टीम 8.4 ओवर में सिर्फ 10 रन पर ढेर हो गई थी। इसके जवाब में स्पेन ने 0.2 ओवर में बिना विकेट खोए 13 रन बनाकर मैच जीत लिया था। आइल ऑफ मैच के बाद दूसरे नंबर पर सिडनी थंडर की टीम का नाम है, जो बिग बैश लीग में एडिलेड स्ट्राइकर्स के खिलाफ 15 रन पर ढेर हो गई थी। टी20 क्रिकेट का तीसरा सबसे कम स्कोर अब के नाम जुड़ गया। डरहम ने 213 रन से जो जीत हासिल की वह टी20 क्रिकेट के इतिहास में तीसरी सबसे बड़े अंतर से जीत रही।



फिर हैरानी तो आपको भी होगी ही। शनिवार यानी 9 मार्च को डरहम बनाम इग्लस के बीच खेले गए जिम्बाब्वे डोमेस्टिक टी20 कम्पिटिशन के फाइनल मुकाबले में डरहम टीम को 213 रन से एकतरफा जीत मिली। 9 मार्च को डरहम बनाम इग्लस के बीच खेले गए जिम्बाब्वे डोमेस्टिक टी20 कम्पिटिशन के फाइनल मुकाबले में डरहम टीम को 213 रन से एकतरफा जीत मिली। इस मैच में 230 रन का पीछा करने उतरी मशोनलैंड ईगल्स टीम महज 16 रन पर ढेर हो गई। ईगल्स टीम ने टी20 क्रिकेट का तीसरा सबसे कम स्कोर बनाया। इस मैच में 229 रन का पीछा करने उतरी मशोनलैंड ईगल्स टीम महज 16 की टीम ने टी-20 क्रिकेट में तीसरा सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड बनाया है। 9 मार्च को हरारे में खेले गए जिम्बाब्वे डोमेस्टिक टी20 के फाइनल में डरहम की टीम ने 6 विकेट के नुकसान पर 229 रन बनाए थे। इसके जवाब में ईगल्स की टीम 8.1 ओवर में ही महज 16 रन पर सिमट गई। डरहम की टीम ने फाइनल मुकाबले को 213 रन के बड़े अंतर से जीत लिया। हेडन मस्टर्ड को प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड मिला, जिन्होंने नाबाद 46 रन बनाए थे। पहले बैटिंग करते हुए डरहम की टीम की तरफ से विकेटकीपर बल्लेबाज ओली रोबिनसन ने 20 गेंदों का सामना करते हुए 49 रन बनाए। ओली इंग्लैंड बनाम भारत के पांचवें टेस्ट

# कमरे में बैठकर रो रहे थे आर अश्विन दिमाग ने काम करना कर दिया था बंद

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच राजकोट में चल रहा टेस्ट मैच बराबरी पर था। दो दिन के खेल के बाद बाजी किसकी तरफ झुकेगी, यह कहना बड़ा मुश्किल था। तीसरे दिन के आगाज से पहले नहीं कर रहा था। इन सब बातों का खुलासा खुद अश्विन ने किया है। आर अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए बताया कि राजकोट टेस्ट की वो रात उनके लिए काफी मुश्किल थी। उन्होंने कहा, ठहम ड्रेसिंग रूम फिर से



भारतीय टीम और फैन्स के लिए चौंकाने वाली खबर सामने आती है। आर अश्विन ने राजकोट टेस्ट को लेकर खुलासा किया है। अश्विन ने बताया कि उन्होंने जब अपनी मां की तबियत खराब होने की खबर सुनी तो वह बुरी तरह से परेशान हो गए थे। भारतीय स्पिनर ने बताया कि उनके दिमाग ने काम करना बंद कर दिया था और वह कमरे में बैठकर रो रहे थे। अश्विन ने कहा कि रोहित ने उनका पूरा साथ दिया। पता चलता है कि आर अश्विन निजी कारणों की वजह से अचानक घर लौट गए हैं। अश्विन के लिए वो रात किसी बुरे सपने से कम नहीं थी। भारतीय ऑफ स्पिनर कमरे में बैठकर फूट-फूटकर रो रहा था। अश्विन का दिमाम काम बातचीत करने के लिए गए और उसके बाद अपने रूम में आए। रोहित, मैं और सभी मैच को लेकर बातचीत कर रहे थे। तभी मुझे एहसास हुआ कि मेरे को पतनि और पैरेंट्स का कॉल नहीं आ रहा है। मुझे लगा कि वह कॉल उठाने और इंटरव्यू में देने में बिजी होंगे।भारतीय ऑफ स्पिनर ने आगे बताया, ठमैंने 7 बजे के आसपास अपनी बीवी को कॉल किया। मैंने पूछा कि मेरे पैरेंट्स मेरी कॉल का जवाब क्यों नहीं दे रहे है। उनकी आवाज थोड़ी सहमी से लग रही थी। उन्होंने मेरे को लोगों से दूर आने को कहा। मेरी पतनी ने बताया कि मां सिरदर्द के बाद नीचे गिर गईं। मैं सनन रह गया। मुझे नहीं पता चल रहा था कि मेरे को कैसे रिएक्ट करना है या क्या सवाल पूछने हैं।

# हरमनप्रीत कौर की आतिशी पारी के बाद उनका बैट चेक करने लगे रेफरी

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** महिला प्रीमियर लीग 2024 में 9 मार्च को गुजरात जायंट्स को मुंबई इंडियंस के बीच खेली, जिसकी बदौलत मुंबई टीम को जीत मिली। इस मैच में ताबड़तोड़ बैटिंग के बाद हरमनप्रीत कौर ने एक बड़ा खुलासा किया हरमनप्रीत ने खुलासा किया कि उन्होंने अपने प्रैक्टिस बैट से बल्लेबाजी की, क्योंकि उसकी ग्रिप अच्छी थी, लेकिन मैच के बाद



एक रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस मैच में मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से धांसू जीत मिली। इस जीत के साथ ही मुंबई इंडियंस के प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई। मुंबई की टीम की तरफ से कप्तान हरमनप्रीत कौर का बल्ला इस मैच में जमकर गरजा। गुजरात जायंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियस की तरफ से हरमनप्रीत कौर ने ऐसी चमत्कारिक पारी खेली जिससे टीम को 7 विकेट से जीत मिली। हरमनप्रीत ने 48 गेंदों का सामना करते हुए 95 रन बनाए। एक समय हरमनप्रीत का स्कोर 21 गेंद में 20 था लेकिन अपनी पारी की अगली 27 गेंदों में उन्होंने 75 रन कूट डाले। इस तूफानी बैटिंग के बाद रेफरी भी उनका बैट चेक करने लगे। उन्होंने नाबाद 95 रन की तूफानी पारी है। उन्होंने बताया कि मैच रेफरी ने मैच के बाद उनका बैट चेक किया। मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत ने मैच के बाद कमेंटेटर्स से बातचीत करते हुए यह रिवील किया। दरअसल, गुजरात जायंट्स के खिलाफ मुंबई इंडियस की तरफ से हरमनप्रीत कौर ने ऐसी चमत्कारिक पारी खेली, जिससे टीम को 7 विकेट से जीत मिली। हरमनप्रीत ने 48 गेंदों का सामना करते हुए 95 रन बनाए। एक समय हरमनप्रीत का स्कोर 21 गेंद में 20 था, लेकिन अपनी पारी की अगली 27 गेंदों में उन्होंने 75 रन कूट डाले और 10 चौके और 5 छक्कों की मदद से नाबाद 95 रन की पारी खेली। इस तूफानी पारी के बाद कप्तान रेफरी उनका बैट चेक करने पहुंचे। हरमनप्रीत ने बताया कि जब हम प्रैक्टिस कर रहे थे तो मैं वहीं बैट से खेली जिससे आज बल्लेबाजी की। यह बैट मेरे मैच वाले बैट से अलग था, क्योंकि मेरे बैट की ग्रिप थोड़ी ढीली थी और प्रैक्टिस मैच की अच्छी, तो मैंने सोचा में अपने प्रैक्टिस बैट से ही बल्लेबाजी करूं और मैंने ऐसा ही किया और ये काम कर गया। अगर बात करें गुजरात जायंट्स के खिलाफ जीत से मुंबई इंडियंस के 10 अंक हो गए हैं और वह प्वाइंट्स टेबल में पहले स्थान पर पहुंच गई। के प्वाइंट्स टेबल में दिल्ली कैपिटल्स दूसरे स्थान पर खिसक गई, जिसके पास 8 अंक है। गुजरात की टीम आखिरी स्थान पर 2 अंक के साथ मौजूद हैं।

# अजय-नकुल ने बल्ले से मचाया कोहराम, ताश के पत्तों की तरह बिखरा श्रीलंका का बैटिंग ऑर्डर

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** अजय कुमार रेड्डी और नकुल बडनायक के अर्धशतकों की मदद से भारतीय पुरुष दृष्टिबाधित रही लेकिन सुनील और गुडाडप्पा ने तीसरे विकेट के लिए 47 रन जोड़कर टीम को संभाला। इसके अलावा रेड्डी और बडनायक ने चौथे



क्रिकेट टीम ने मंगलवार को दूसरे टी-20 मुकाबले में श्रीलंका को 134 रन से हराया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 273 रन बनाए। रेड्डी ने 26 गेंदों में 84 रन की पारी खेली, जबकि बडनायक ने 46 गेंदों में 65 रन बनाए। भारत की ओर से अपना पहला मैच खेल रहे गुडाडप्पा ने भी 48 रन का योगदान दिया। करनैल सिंह स्टेडियम में खेले गए इस मैच में श्रीलंका की टीम चार विकेट पर 139 रन ही बना पाई। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की खराब शुरुआत विकेट के लिए 128 रन की साझेदारी की। करनैल सिंह स्टेडियम में खेले गए इस मैच में श्रीलंका की टीम चार विकेट पर 139 रन ही बना पाई। भारत ने इस तरह से पांच मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली है। तीसरा मैच इसी मैदान पर बुधवार को खेला जाएगा। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की खराब शुरुआत रही, लेकिन सुनील और गुडाडप्पा ने तीसरे विकेट के लिए 47 रन जोड़कर टीम को संभाला। इसके अलावा रेड्डी और बडनायक ने चौथे विकेट के लिए 128 रन की साझेदारी की।

# रहाणे-अय्यर रहे फ्लॉप, 'लॉर्ड' शार्दुल बने मुंबई के लिए संकटमोचक खराब रही विदर्भ की भी शुरुआत

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** रणजी ट्रॉफी 2024 के फाइनल मुकाबले का पहला दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहा। कप्तान अजिंक्य रहाणे और श्रेयस अय्यर बल्ले से बुरी तरह से फ्लॉप रहे। आउट हुए। 81 के स्कोर पर पहला विकेट गंवाने के बाद मुंबई ने 116 के स्कोर तक पहुंचते-पहुंचते छह विकेट खो दिए। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई की शुरुआत अच्छी रही। पृथ्वी शॉ



वहीं, लॉर्ड शार्दुल ठाकुर एकबार फिर मुंबई के लिए संकटमोचक बनकर सामने आए। शार्दुल ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 75 रन की तेज तर्रार पारी खेली, जिसके बूते मुंबई 200 रन का आंकड़ा पार करने में सफल रही। टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करने उतरी मुंबई की शुरुआत अच्छी रही। पृथ्वी शॉ और भूपेन लालवानी ने पहले विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी जमाई। शॉट 46 रन बनाने के बाद पवेलियन लौटे जबकि भूपेन 37 रन बनाकर और भूपेन लालवानी ने पहले विकेट के लिए 81 रन की साझेदारी जमाई। शॉट 46 रन बनाने के बाद पवेलियन लौटे, जबकि भूपेन 37 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, इसके बाद मुंबई को एक के बाद एक झटके लगे। 81 के स्कोर पर पहला विकेट गंवाने के बाद मुंबई ने 116 के स्कोर तक पहुंचते-पहुंचते छह विकेट खो दिए। मुशीर खान 6 रन बनाकर आउट हुए, तो कप्तान रहाणे के खाते में महज 7 रन आए। वहीं, बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से बाहर किए गए अय्यर भी 15 गेंदों का सामना करने के बाद सिर्फ 7 रन ही बना सके। लगातार विकेट गंवा रही मुंबई की पारी को शार्दुल ठाकुर ने एक छोर से संभाला। शार्दुल ने तेज तर्रार अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए महज 37 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। स्टार ऑलराउंडर ने 69 गेंदों पर 75 रन की दमदार पारी खेली, जिसके बूते मुंबई टीम पहली पारी में स्कोर बोर्ड पर 224 रन लगाने में सफल रही। गेंदबाजी में विदर्भ की ओर से हर्ष दुबे और यश ठाकुर ने तीन-तीन विकेट झटके। वहीं, उमेश यादव ने 2 विकेट चटकाए। मुंबई की पारी को समेटने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ की शुरुआत भी बेहद खराब रही। ध्रुव शोरे को शार्दुल ठाकुर ने बिना खाता खोले पवेलियन की राह दिखाई। इसके बाद अमन मोखड़े भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 8 रन बनाकर चलते बने। विदर्भ के लिए इस सीजन सर्वाधिक रन बनाने वाले करुण नायर को भी जीरो के स्कोर पर धवल कुलकर्णी ने चलता किया। दिन का खेल खत्म होने तक विदर्भ ने तीन बड़े विकेट गंवाकर स्कोर बोर्ड पर 31 रन लगा लिए हैं।



इस सप्ताह की शुरुआत प्रसन्नता के साथ होगी। लेकिन बातचीत में संवत रहें। शिक्षा से जुड़े काम पर ध्यान देने की आवश्यकता है। धैर्य रखना होगा। भागदौड़ बनी रहेगी।

इस सप्ताह आत्म संवत रहने की आवश्यकता है। मन परेशान रहेगा। गुस्सा पर नियंत्रण रखना होगा। परिवार का साथ मिलेगा। लाभ के

मन में आशा-निराशा बनी रहेगी। नकारात्मक विचारों से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। नौकरी में कार्यभार में बढ़ोतरी

सप्ताह के शुरूआत से वाणी में मधुरता रहेगी, लेकिन धैर्यशीलता बनाए रखने की कोशिश करें। शिक्षा से जुड़े कामों में सफलता मिलेगी। संतान के स्वास्थ्य का ध्यान रखना

सप्ताह के पहले दिन से मन में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना है। शासन सत्ता का योग बन रहा है। भवन सुख मिलेगा। शिक्षा से जुड़े काम में

इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में मेहनत ज्यादा होगी। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। मन परेशान हो सकता है। स्वभाव में

नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा, स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। वाणी में कठोरता का भाव रहेगा, बातचीत में संयत रहें। वस्त्रों

इस सप्ताह परिवार के साथ धार्मिक यात्रा के योग बन रहे हैं। माता का सहयोग भी प्राप्त होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। ज्यादा उत्साही होने से बचें।

नौकरी में तरक्की होने की संभावना है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव बना रहेगा। मानसिक शांति रहेगी। गुस्सा पर काबू रखें।

परिवार में हंसी-खुशी का माहौल रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। आत्मविश्वास बहुत रहेगा। नकारात्मक विचारों से बचाव

मन खुश रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मानसिंक शांति रहेगी लेकिन असंतोष भी रहेगा। परिवार में शांति बनी रहेगी। पिता का सहयोग मिलेगा।

पारिवारिक जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। मान-सम्मान बढ़ेगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आत्मविश्वास बन रहेगा। शिक्षा से जुड़े काम सफल होंगे।

# पागलपन का कोई नया तरीका वीरेंद्र सहवाग ने बैजबॉल क्रिकेट का उड़ाया मजाका, लपेटे में फंस गया अंग्रेज कप्तान

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** भारत ने इंग्लैंड को पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में 4-1 से मात दी। भारत के सीरीज जीतने के बाद पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने बैजबॉल क्रिकेट का मजाक उड़ाया। सहवाग ने कहा कि अगर इंग्लैंड को जीत का स्वाद चखाना है तो उन्हें पागलपन का कोई नया तरीका अपनाना होगा। धर्मशाला में खेले गए पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारत ने पारी और 64 रन से जीत दर्ज की। अश्विन ने पांच विकेट चटकाए। कुलदीप और जसप्रीत बुमराह को 2-2 विकेट मिले। इंग्लैंड की तरफ से जो रूट ने 84 रन की पारी खेली। भारत के सीरीज जीतने के बाद वीरेंद्र सहवाग ने बैजबॉल क्रिकेट का मजाक उड़ाया। धर्मशाला में खेले गए पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच के तीसरे दिन भारत ने पारी और 64 रन से जीत दर्ज की। अश्विन ने पांच विकेट चटकाए। कुलदीप और जसप्रीत बुमराह को 2-2 विकेट मिले। इंग्लैंड की तरफ से जो रूट ने 84 रन की पारी खेली। भारत के सीरीज जीतने के बाद वीरेंद्र सहवाग ने बैजबॉल क्रिकेट का मजाक उड़ाया। सहवाग ने कहा कि विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच के बाद बेन स्टोक्स की टीम पूरी तरह से भटक गई। सीरीज से पहले इंग्लैंड का सारा फोकस बैजबॉल क्रिकेट पर था, लेकिन भारत ने मेहमान टीम की यह रणनीति पर पानी फेर दिया। इतना ही नहीं सहवाग ने यह भी कहा कि स्टोक्स की खराब फॉर्म से मेहमान टीम को कोई मदद नहीं मिली। 5 टेस्ट मैचों में, इंग्लिश कप्तान ने 19.90 के औसत और 54.22 के स्ट्राइक रेट से 199 रन बनाए, जिसमें उनका सवोच्च स्कोर 70 रहा। इसके अलावा एक विकेट लिया।



## सम्पादकीय

# बीमा क्षेत्र को बदल देगा संशोधित विधेयक; आर्थिक विकास को बढ़ावा और बड़े स्तर पर सृजित होगें रोजगार

यह विधेयक 1938 में बने बीमा कानून में संशोधन तो करेगा ही, 1999 के बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण कानून में भी बदलाव लाएगा। इस संशोधन के बाद यह कानून बड़े उद्यमों तथा बीमा कंपनियों के लिए भी फायदेमंद होगा। सरकार का मानना है कि इस विधेयक के पारित होने के बाद देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि बीमा और स्वास्थ्य सुरक्षा क्षेत्र में बड़ी तादाद में नई कंपनियां उतरेंगी, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होगा। अब जबकि संसद का मानसून सत्र आ चला है, कई विधेयकों पर सभी की नजर है, जिनमें कुछ ऐसे भी हैं, जो आर्थिक, वित्तीय और कॉरपोरेट सेक्टर से जुड़े हुए हैं। इनमें एक ऐसा विधेयक है, जिसे सुधारवादी ही नहीं, रोजगार प्रेरक माना जा रहा है। यह बीमा कानून (संशोधन) विधेयक, 2023 है और पारित होने पर यह गेम चेंजर साबित हो सकता है। इसके पारित होने पर बड़े पैमाने पर रोजगार के रास्ते खुलेंगे और निवेश भी बढ़ेगा। इसे इसी सत्र में रखा जाएगा और लोकसभा में सत्तारूढ़ दल का बहुमत होने के कारण इसका पारित होना तय ही है। उम्मीद है कि इसे राज्यसभा में भी पारित होने में ज्यादा कठिनाई नहीं होगी।यह विधेयक 1938 में बने बीमा कानून में संशोधन तो करेगा ही, 1999 के बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण कानून में भी बदलाव लाएगा। इस संशोधन के बाद यह कानून बड़े उद्यमों तथा बीमा कंपनियों के लिए भी फायदेमंद होगा। सरकार का मानना है कि इस विधेयक के पारित होने के बाद देश के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि बीमा और स्वास्थ्य सुरक्षा क्षेत्र में बड़ी तादाद में नई कंपनियां उतरेंगी, जिससे बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित होगा।विकसित देशों की तुलना में भारत में बहुत कम लोग व्यक्तिगत बीमा के अंदर आते हैं। लेकिन सरकार के प्रयासों और आर्थिक मदद की वजह से 2021 तक 51 करोड़ से भी ज्यादा लोगों का स्वास्थ्य बीमा हो चुका था। और इस मद में बीमा उद्योग की सकल प्रीमियम आय 470 अरब रुपये थी। भारत वैश्विक स्तर पर दुनिया का नवां बीमा प्रीमियम बाजार है, लेकिन देश की आबादी का महज 3.30 फीसदी ही जीवन बीमा के दायरे में है। इसे ध्यान में रखकर बीमा नियामक आईआरडीएआई ने 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' का मिशन शुरू किया है, जिससे बीमा पैठ में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है। इससे कारोबार करने में सुगमता को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी तथा क्षेत्र को अधिक निवेश-अनुकूल बनाने में सहायता मिलेगी। इससे 2027 तक ही भारतीय बीमा बाजार के 200 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। अभी भारत में महज 24 जीवन बीमा कंपनियां हैं और 31 सामान्य बीमा कंपनियां काम कर रही हैं। इस विधेयक के पारित होने के बाद सामान्य कंपनियां भी बीमा के कारोबार में कदम रख सकती हैं। यह विधेयक इस दृष्टि से अनूठा है कि इसमें बीमा कंपनी खोलने के लिए बाध्यकारी 100 करोड़ रुपये की सीमा को खत्म किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक कारोबारी इस क्षेत्र में कदम रख सकें। अब भारत में जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा एक साथ हो सकेंगे, जिससे बीमाधारक को बड़ी-बड़ी हेल्थ कंपनियों की सेवाएं बीमा के पैसे से ही मिल सकेंगी। अमेरिका-यूरोप में ऐसी व्यवस्था पहले से है। भारत में सरकार इस क्षेत्र में काम कर रही सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों में अपनी हिस्सेदारी घटाने का काम शुरू कर चुकी है। इससे इस क्षेत्र में निजी कंपनियों के लिए रास्ता खुलेगा। संसद के मानसून सत्र में इस बार कई और भी विधेयक रखे जाएंगे, जिनमें कंपनियों के दिवालिया होने पर आगे उनके अधिग्रहण को आसान बनाने के लिए भी एक विधेयक है, जिससे समय बर्बाद नहीं होगा और पुरानी कंपनी को कोई नई कंपनी अपने हाथ में ले सकेगी। दरअसल, यह 2016 में बनाए गए इंसॉल्वेंसी ऐंड बैंकरप्सी कोड (आईबीसी) में संशोधन है, जिससे दीवालियापन की प्रक्रिया में तेजी आए और सबसे उपयुक्त दावेदार को शीघ्र उसकी जिम्मेदारी सौंपी जाए, ताकि संपत्ति बर्बाद न हो। इस बार कर कानूनों में संशोधन से भी जुड़ा विधेयक रखा जाएगा, जिससे टैक्स देने वालों को आसानी होगी और जटिलता खत्म होगी।

## एक ऐतिहासिक देनदारी जो दुर्भाग्यशाली अल्पसंख्यकों को वादाखिलाफी और अतीत की भूल से दिला सकती है मुक्ति

सीएए में 31 दिसंबर, 2014 से पहले अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश से मजहबी कारणों से प्रताड.ित होकर भारत आए अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का प्रावधान है। वर्तमान बांग्लादेश से मजहबी कारणों से प्रताड.ित होकर भारत आए अल्पसंख्यकों को नागरिकता देने का प्रावधान है। वर्तमान अफगानिस्तान सहस्राब्दि पहले हिंदू-बौद्ध दर्शन का एक संपनन्‍केंद्र था।



अफगानिस्तान सहस्राब्दि पहले हिंदू-बौद्ध दर्शन का एक संपनन्‍केंद्र था। कालांतर में जबरन मतांतरण के कारण 1970 के दशक में यहां हिंदू-सिखों की संख्या घटकर लगभग सात लाख हो गई और अब तालिबानी राज में नगण्य है। वहीं विभाजन के समय पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) की कुल आबादी में हिंदू-बौद्ध अनुपात 28-30 प्रतिशत और पश्चिमी पाकिस्तान (वर्तमान पाकिस्तान) की तत्कालीन जनसंख्या में हिंदू-सिखों का योग 15-16 प्रतिशत था। वह आज घटकर क्रमशः 8-9 प्रतिशत और दो प्रतिशत से भी कम रह गया है। सीएए में 31 दिसंबर, 2014 से पहले अफगानिस्तान, पाकिस्तान और कालांतर में जबरन मतांतरण के कारण 1970 के दशक में यहां हिंदू-सिखों की संख्या घटकर लगभग सात लाख हो गई और अब तालिबानी राज में नगण्य है। वहीं विभाजन के समय पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) की कुल आबादी में हिंदू-बौद्ध अनुपात 28-30 प्रतिशत और पश्चिमी पाकिस्तान (वर्तमान पाकिस्तान) की तत्कालीन जनसंख्या में हिंदू-सिखों का योग 15-16 प्रतिशत था। वह आज घटकर क्रमशः 8-9 प्रतिशत और दो प्रतिशत से भी कम रह गया है। पाकिस्तान और बांग्लादेश में हिंदू, सिख, बौद्ध और जैन आदि अल्पसंख्यक वे दुर्भाग्यशाली लोग हैं।

# कांग्रेस के दिग्गज नेता ओमान चांडी का निधन, पार्टी नेताओं ने जताया शोक

कांग्रेस के अनुभवी नेता और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी का लंबी बीमारी के बाद मंगलवार की सुबह निधन हो गया है। ओमन चांडी के बेटे ने अपने पिता के निधन की पुष्टि की है। कांग्रेस ने अपने अनुभवी नेता के निधन पर शोक व्यक्त किया।कांग्रेस के दिग्गज नेता और केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमान चांडी के निधन पर कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं ने शोक व्यक्त किया। दरअसल ओमान चांडी लंबे समय से बीमार चल रहे थे लेकिन आज सुबह उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने ओमान चांडी के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उन्हें दूरदर्शी नेता बताया। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ने अपनी अटूट प्रतिबद्धता और दूरदर्शी नेतृत्व के साथ राज्य की प्रगति और देश की राजनीति पर एक अमिट छाप छोड़ी है।कांग्रेस ने शोक व्यक्त करते हुए ट्विटर पर कहा, ठकेरल के पूर्व मुख्यमंत्री और सम्मानित कांग्रेस नेता ओमन चांडी के निधन पर गहरा दुख हुआ। राजनीति में एक दिग्गज, केरल की प्रगति और विकास में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। एक सच्चे राजनेता, वह अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़ गए हैं, जो पीढ़ियों को प्रेरित करेगी। इस कठिन समय में उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति हमारी हार्दिक संवेदना। उनकी आत्मा को शाश्वत शांति मिले।पार्टी अध्यक्ष खरगे ने चांडी के निधन पर शोक व्यक्त किया और नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वह एक कट्टर कांग्रेसी थे, जो जनता के नेता के रूप में खड़े थे। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा, ठउनकी अटूट प्रतिबद्धता और दूरदर्शी नेतृत्व ने केरल की प्रगति और देश के राजनीतिक परिदृश्य पर अमिट छाप छोड़ी। लोगों के प्रति उनके समर्पण और सेवा के लिए उन्हें याद किया जाएगा।



परिवार और समर्थकों के प्रति संवेदना।कांग्रेस के अनुभवी नेता के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक जताया। पीएम नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, ठओमान चांडी जी के निधन से, हमने एक विनम्र और समर्पित नेता खो दिया है, जिन्होंने अपना जीवन सार्वजनिक सेवा के लिए समर्पित कर दिया और केरल की प्रगति के लिए काम किया। मुझे उनके साथ अपनी विभिन्न बातचीत याद है, खासकर जब हम दोनों हमारे संबंधित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के रूप में कार्य किया और बाद में जब मैं दिल्ली चला गया। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और समर्थकों के साथ हैं। उनकी आत्मा को शांति मिल कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि चांडी एक असाधारण व्यक्तित्व और सच्चे जन नेता थे। उन्होंने ट्वीट किया, ठबहुत ही सादे और शिष्टाचार के राजनेता थे, जो 24□7 अपने मतदाताओं और केरल के लोगों के कल्याण के लिए अपना सब कुछ दे देते थे।जयराम रमेश ने कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में चांडी का कार्यकाल कई उपलब्धियों के लिए उल्लेखनीय था, जिनकी व्यापक रूप से सराहना की गई और संयुक्त राष्ट्र ने भी इसे मान्यता दी। उन्होंने कहा, ठमुझे उन्हें वर्षों से जानने का सौभाग्य मिला है और 10 साल पहले अट्टापदी में विभिन्न बस्तियों में हमारी संयुक्त यात्राएं मुझे अभी भी याद है ट्वीट में, कांग्रेस की केरल इकाई ने कहा, ठहमारे सबसे प्रिय नेता और पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी को विदाई देते हुए बेहद दुख हो रहा है। केरल के सबसे लोकप्रिय और गतिशील नेताओं में से एक, चांडी सर को पीढ़ियों और सभी वर्गों ने प्यार दिया था।ठ ट्वीट में कहा गया कि कांग्रेस परिवार को उनके नेतृत्व और ऊर्जा की कमी खलेगी पार्टी की केरल इकाई के प्रमुख के सुधाकरन ने भी चांडी के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा, ठप्रेम की शक्ति से दुनिया पर विजय पाने वाले राजा की कहानी का मार्मिक अंत हुआ। आज, मैं एक महान व्यक्ति, ओमन चांडी के निधन से बहुत दुखी हूं। उन्होंने अनगिनत व्यक्तियों के जीवन को प्रभावित किया और उनकी विरासत हमेशा हमारी आत्माओं में गूंजती रहेगी। शशि थरूर ने जताया शोक वरिष्ठ कांग्रेस नेता और तिरुवनंतपुरम के सांसद शशि थरूर ने कुछ महीने पहले एक ट्वीट शेयर किया था, जिसमें उन्होंने चांडी के जल्द स्वस्थ होने की कामना की थी, उस ट्वीट को टैग करते हुए कहा, ठदुख की बात है कि ऐसा नहीं हुआ। ओमन चांडी के निधन की खबर से लाखों लोग सदमा लगा हैं। इस अवर्णनीय दुखद समय में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ हैं। उनकी आत्मा को शांति मिले। ओम शांति।ठभारतीय युवा कांग्रेस ने चांडी के निधन पर शोक व्यक्त किया और ट्वीट किया, ठहम केरल के पूर्व सीएम और कांग्रेस के दिग्गज नेता ओमन चांडी के निधन पर शोक व्यक्त करते हैं। वह विकास, लोकतंत्र और धर्मनिरपेक्षता के चैंपियन थे।ठ पार्टी की युवा शाखा ने कहा, ठउन्होंने अपने समर्पण और करिश्मा से युवा नेताओं की पीढ़ियों को प्रेरित किया। हम उनकी आत्मा और उनके शोक संतप्त परिवार के लिए प्रार्थना करते हैं।

# डॉ आंबेडकर क्या महज दलितों के नेता थे, आज भी प्रासंगिक है संविधानवेत्ता की सोच

जब तिलक ने 'स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है,' का नारा दिया था, तब डॉ. आंबेडकर ने,'अस्पृश्यता निवारण मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है,' कहा था। डॉ. भीमराव आंबेडकर क्या सिर्फ दलितों के नेता थे और क्या वह महिलाओं, शोषितों-वंचितों और गैरदलितों के नेता नहीं थे? डॉ. आंबेडकर को महज अछूतों का नेता कहने वाले कतिपय ब्राह्मण ही नहीं हैं, पिछड़ी जातियां जाट, अहीर, गुर्जर, लोध (अजगर) यानी शूद्र भी उन्हें केवल दलितों के नेता समझते रहे हैं। हिंदूकोड बिल ने महिलाओं को नागरिक की पहचान दी। हर क्षेत्र में पुरुषों के समान उनके पास अवसर, समान मताधिकार, संपत्ति अधिकार हैं। वैश्य, कायस्थ और ब्राह्मणों की तत्सम जातियां बन चुकी हैं। इसलिए उनका जाति छिपाना या दिखाना वैसा बहिष्कार नहीं है, जैसा दलित जातियों के लिए होता है। कोई उन्हें दलित न समझ ले, इसलिए अपवाद छोड़ कर गैर-दलित स्त्रियां भी डॉ. आंबेडकर के प्रति उदासीन रहती हैं। कृतज्ञ बचते हैं, दलित-अछूत। देश में जब धर्म परिवर्तन हो रहे थे। ज्योतिबा फुले युवा थे। दलित ईसाई और मुस्लिम बन रहे थे, तब 10 अप्रैल, 1875 को स्वामी दयानंद ने लाहौर में आर्य समाज की स्थापना की थी। लाहौर में ही संतराम बी.ए. ने 'जात-पात तोड़क मंडल' बनाया था। दो रुपये में मिलने वाली आर्यसमाज की सदस्यता शर्त थी, अपने बच्चों की शादियां जाति से बाहर ही करेंगे।' डॉ. आंबेडकर ने मंडल से प्रभावित होकर 1936 में लाहौर सम्मेलन के लिए अपना व्याख्यान लिखा। निष्कर्ष था 'हिंदू धर्मग्रंथों में जाति जब तक अपौरुषेय और धार्मिक व्यवस्था मानी जाती रहेगी, तब तक वह बनी रहेगी। सहभोजन और अंतरजातीय सहजीवन पूर्ण उपचार नहीं हैं।' एक बार गैर-ब्राह्मण नेताओं ने डॉ. आंबेडकर को प्रस्ताव दिया था, 'यदि आप घोषणा कर दें कि बहिष्कृत



हितकारिणी सभा के आंदोलन में किसी ब्राह्मण को शामिल नहीं होने दिया जाएगा, तो हम दलितों के आंदोलन को अपने खर्चे पर संचालित करेंगें।' तब उन्होंने कहा था, "मैं किसी ब्राह्मण का विरोधी नहीं, ब्राह्मणवाद का विरोधी हूं, जो ब्राह्मण और कायस्थ नेता साथ हैं, उनकी समाज सुधार में प्रतिबद्धता है, तो वे साथ रहेंगे।' जब तिलक ने 'स्वराज मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है,' का नारा दिया था, तब डॉ. आंबेडकर ने,'अस्पृश्यता निवारण मेरा जन्म सिद्ध अधिकार है,' कहा था। दलितों के लिए अस्पृश्यतायुक्त स्वराज किस काम का था? विभूति पूजा आंबेडकर की प्राथमिकता में नहीं थी। मुंबई क्रॉनिकल के संपादक फिरोजशाह मेहता की स्मृति के बारे में पत्र-परिवार ने आंबेडकर से राय मांगी थी, तो उन्होंने उनकी मूर्ति स्थापित करने के बजाय उनके नाम से एक समृद्ध लाइब्रेरी खोलने की राय दी थी। तिलक के सुपुत्र श्रीधर बलवंत तिलक आंबेडकर के साथ आने पर तिलक ने उन्हें केसरी की पत्रकारिता से निकाल दिया था। आंबेडकर ने उन्हें 'समता समाज संघ' की पूना शाखा का उपाध्यक्ष बनाया था। बलवंत की आत्महत्या के बाद आंबेडकर ने समता पत्र उनकी स्मृति को समर्पित किया। शुक्रवार के दिन बलवंत ने आत्महत्या की थी। समता हर शुक्रवार को प्रकाशित होता था। सभ्यता के इस विकसित युग में संस्कृतियों के समावेश और विविधता पसंद लोकतांत्रिक युग में लोग किसी जाति विशेष के प्रति इतना घृणा भाव क्यों रखते हैं? स्मरण हो, संसद के भीतर उनका चित्र और बाहर उनकी प्रतिमा की स्थापना के लिए आंबेडकरवादी संगठनों ने लंबे समय तक आंदोलन किए थे। आज स्वयं सरकार पंचतीर्थ यानी विश्व स्तर के पांच स्मारक विकसित करने का श्रेय प्राप्त कर चुकी है। लंदन स्मारक शिक्षा भूमि, नागपुर दीक्षा भूमि, मुंबई चैत्यभूमि, मऊ शोध संस्थान जन्म भूमि, 24 अलीपुर परिनिर्वाण भूमि और आंबेडकर इंटरनेशनल मेमोरियल। परंतु समावेशी समाज सुधार तो अभी अधर में ही है। 24 सितंबर, 1924 को मुंबई में भय मुक्त सामाजिक न्याय और मानव गरिमा की सुरक्षा हेतु एक स्वयंसेवी संस्था 'अखिल भारतीय समता सैनिक दल' की स्थापना की गई। कमांडर इन चीफ थे भीमराव आंबेडकर। 1927 में हुए चावदार तालाब जल आंदोलन के समय 'समता सैनिक दल' ने बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने स्वयं प्रशिक्षण व हिदायत दी कि समता सैनिक न तो किसी पर हमला करेंगे और न कोई हिंसा किंतु अपने बचाव और मानव गरिमा की रक्षा जरूर करेंगे। सामाजिक उत्पीड़न, हिंसा और अन्याय से आत्म रक्षार्थ 'समता सैनिक दल' पुनः प्रासंगिक हो रहा है। 2024 में इसका शताब्दी वर्ष है। आज दलित महिलाओं का उत्पीड़न रोकने के लिए कांग्रेस काल से लंबित हर जनपद में 'दलित महिला आयोग' बनाने की आवश्यकता है और महिला सैनिकों में दलित बालिकाओं की भर्ती होना अपेक्षित है।

## अंतरिक्ष में परचम लहराने की तैयारी, 140 तक पहुंची टेक्नोलॉजी स्पेस स्टार्ट-अप्स की संख्या

वर्ष 2014 से पहले भारत में अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़ा सिर्फ एक टेक्नोलॉजी स्पेस स्टार्ट-अप था, वहीं अब ऐसे स्टार्ट-अप की संख्या 140 तक पहुंच चुकी है।एक जमाने में भारत को सपेरों का देश कहा जाता था, लेकिन अब भारत अंतरिक्ष की दुनिया में एक महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में अपनी भूमिका को पूरी तरह से बदल दिया है। वर्ष 2014 से पहले जहां भारत में अंतरिक्ष क्षेत्र से जुड़ा सिर्फ एक टेक्नोलॉजी स्पेस स्टार्ट-अप था, वहीं अब ऐसे पंजीकृत स्टार्ट-अप की संख्या 140 तक पहुंच चुकी है। इसके अतिरिक्त भारत में ऐसी कंपनियों की संख्या 400 से ज्यादा हो गई है।अभी अंतरिक्ष सेवाएं देने के मामले में भारत अमेरिका, चीन, जापान और ब्रिटेन के बाद पांचवें स्थान पर पहुंच चुका है। अभी पूरी दुनिया की स्पेस इकनॉमी लगभग 30 लाख करोड़ रुपये की है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी 57,431 करोड़ रुपये की है। लेकिन अगले पांच वर्षों में इसमें सालाना 48 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जिससे आगामी पांच वर्षों में भारत की स्पेस इकनॉमी चार लाख 10 हजार करोड़ रुपये की हो सकती है।भारत के स्टार्ट-अप सिर्फ मैन्युफैक्चरिंग तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वे सैटेलाइट और रॉकेट इंजन भी अपने देश में विकसित कर रहे हैं। इनमें से कुछ स्टार्ट-अप ने अगले एक दशक में 30 हजार सैटेलाइट लॉन्च करने का लक्ष्य रखा है। अब ज्यादातर भारतीय स्टार्ट-अप 'इनोवेशन' पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। भारतीय स्टार्ट-अप अपनी खुद की रिसर्च (अनुसंधान) और अपने ही देश के काबिल इंजीनियरों के बल पर काम कर रहे हैं। पूरी दुनिया में सबसे काबिल और सस्ते इंजीनियर हमारे इन्हीं स्टार्ट-अप में काम कर रहे हैं। इसलिए दुनिया की बड़ी से बड़ी




कंपनियां भारतीय स्टार्ट-अप में निवेश करने के लिए लाइन लगाकर खड़ी हैं।पिछले एक साल में भारत के स्टार्ट-अप्स को एक हजार करोड़ रुपये का नया निवेश मिला है, और इसमें लगातार वृद्धि हो रही है। इसका बड़ा कारण प्रधानमंत्री मोदी द्वारा शुरू किया गया वह कार्यक्रम है, जिसका मकसद अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत को दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति बनाना है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अंतरिक्ष में नए-नए कीर्तिमान लगातार स्थापित कर रहा है। 2014 से लेकर अब तक इसने 44 स्पेस क्रॉफ्ट मिशन और 42 लॉन्च व्हीकल मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। अब अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' भी इसरो के साथ काम करना चाहती है।चंद्रयान-3 पूरी तरह से 'मेड इन इंडिया' है। वर्ष 2019 में चंद्रयान-2 की विफलता के बाद यह भारत का तीसरा चंद्रयान मिशन है, जिसे आज आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित अंतरिक्ष केंद्र से लॉन्च किया जाएगा। चंद्रयान-3 में भी उसी लॉन्चिंग व्हीकल का उपयोग किया गया है, जिसका चंद्रयान-2 में किया गया था। इस यान में कई वैज्ञानिक उपकरण हैं, जो चांद की सतह का अध्ययन करेंगे। इस साल मार्च में इस यान के जरूरी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे किए गए थे। इसमें चांद पर लॉन्चिंग के दौरान आ सकने वाली संभावित परिस्थितियों का आकलन किया गया था।चंद्रयान-3 में तीन मॉड्यूल क्रमशः प्रोपल्शन (प्रणोदन), लैंडर तथा रोवर हैं। 'प्रणोदन मॉड्यूल' में चांद की कक्षा से पृथ्वी के वर्णक्रमीय और ध्रुवीय माप का अध्ययन करने के लिए 'स्पेक्ट्रो पोलरिमेट्रिक ऑफ हैबिटेबल प्लेनेट अर्थ' (एसएचएपीई) नामक उपकरण है, और यह लैंडर तथा रोवर को चांद की कक्षा के 100 किलोमीटर तक ले जाएगा। इसके अलावा प्रणोदन मॉड्यूल में वैल्यू एडिशन के रूप में एक वैज्ञानिक उपकरण भी है, जिसे लैंडर मॉड्यूल के अलग होने के बाद संचालित किया जाएगा। लैंडर चांद के निर्दिष्ट स्थल पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने और रोवर को तैनात करने की क्षमता से लैस है, जो अपनी गतिशीलता के दौरान चांद का रासायनिक विश्लेषण करेगा। यदि इस बार चंद्रयान-3 का लैंडर चंद्रमा की सतह पर उतरने में सफल हो गया, तो भारत अमेरिका, रूस और चीन के बाद ऐसा कीर्तिमान रचने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ के बेटे छह साल बाद लंदन से लौटे

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के बेटे पनामा पेपर घोटाले में भ्रष्टाचार के मामलों में गिरफ्तारी से बचने के लिए लंदन जाने के छह साल बाद पाकिस्तान लौट आए पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के बेटे पनामा पेपर घोटाले में भ्रष्टाचार के मामलों में गिरफ्तारी से बचने के लिए लंदन जाने के छह साल बाद पाकिस्तान



लौट आए। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने स्वदेश वापसी को लिए अधिवक्ता काजी मिस्बाहुल हसन के माध्यम से गिरफ्तारी वारंट रद करने के लिए आवेदन दाखिल किया था। हुसैन और हसन ने 2018 में देश छोड़ दिया था। जवाबदेही अदालत द्वारा गत सप्ताह पनामा पेपर से जुड़े भ्रष्टाचार के तीन मामलों में उनके गिरफ्तारी वारंट 14 मार्च तक रद किए जाने के बाद हुसैन और हसन की वापसी संभव हो सकी। वे भी अपने पिता की तरह ब्रिटेन में आत्म-निर्वासन में रह रहे थे। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने राजनीति को प्रदूषित कर दिया है। दिल्ली में सीएए का विरोध कर वह गलत संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं। पड़ोसी देशों में हिंदू व सिखों के साथ अत्याचार हो रहा है। उनकी बेटियों को उठा लिया जाता है। कोई बेटी वाला उन माता पिता के दर्द को कैसे नहीं समझ सकता है। प्रताड़ना से बचने के लिए पड़ोसी देशों से हजारों की संख्या में अनुसूचित जाति के लोग भारत में आकर रह रहे हैं। नागरिकता के इंतजार में उनकी दो से तीन पीढ़ियां गुजर गई। देश के विभाजन के बाद तत्कालीन प्रधान मंत्री जवाहर लाल नेहरू ने वादा किया था कि पड़ोसी देशों में रहने वाले अल्पसंख्यकों को संरक्षण दिया जाएगा, लेकिन पिछले 75 वर्षों में कांग्रेस ने इसके लिए कुछ नहीं किया। नरेन्द्र मोदी ने यह काम किया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने स्वदेश वापसी को लिए अधिवक्ता काजी मिस्बाहुल हसन के माध्यम से गिरफ्तारी वारंट रद करने के लिए आवेदन दाखिल किया था। उन्होंने याचिका में कहा था कि वे कार्यवाही का सामना करने के लिए समर्पण करना चाहते हैं। हालांकि, पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के नेता हुसैन और हसन की वापसी पर चुप्पी साधे रहे और इसकी जानकारी मीडिया को भी नहीं दी गई।

# नैनी पुलिस चौकी छिवकी मैं हुआ भव्य मंदिर का शिलान्यास प्राण प्रतिष्ठा, यज्ञ, सुंदरकांड रुद्राभिषेक और आरती के साथ

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नैनी, प्रयागराज।** बुधवार दिनांक 13-03-2024 को छिवकी नैनी चौकी कोतवाली कमिशन्रेट प्रयागराज में भव्य मंदिर का शिलान्यास हुआ जिसमें प्रभु भोलेनाथ और हनुमान जी के साथ गणेश जी परिवार जी का प्राण प्रतिष्ठा सुंदरकांड यज्ञ के साथ हुआ साथ ही भंडारा प्रसाद के रूप में बांटा गया जिसमें नैनी के तमाम भक्तजन प्रसाद का आशीर्वाद ग्रहण किये मंदिर का नाम श्री शिव विघ्न हरण हनुमान मंदिर आचार्य नागेंद्र कुमार मिश्रा आचार्य बृजभूषण ओझा जी नामकरण किये साथ में अचानक से बाबा जी मऊ हरिया बाबा प्रकट होकर मंदिर का आयोजन में शक्ति भोग लगाए। आयोजन में पुलिस प्रशासन की ओर से नैनी थाना प्रभारी (इंस्पेक्टर) श्री यशपाल सिंह, छिवकी पुलिस चौकी प्रभारी अमित सिंह उप निरीक्षक रामानंद सिंह यादव उप निरीक्षक आनंद सिंह कांस्टेबल संजय कुमार के अलावा औद्योगिक क्षेत्र नागर समेत संबंधित थाना के दारोगा व महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मी, होमगार्ड एवं क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों व पार्षद पूजा पवन यादव, पार्षद वार्ड 40 सोनू सोनकर इंद्रजीत यादव, शैलेश कुमार के साथ विभिन्न राजनीति पार्टियों से जुड़े जन प्रतिनिधि सहित समाजसेवियों ने शिरकत किया जिसमें जिला अपराध निरोधक कमेटी के यमुनानगर टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा और उनकी टीम से मीडिया प्रभारी वरिष्ठ पत्रकार राम जी केसरवानी विनोद केसरवानी मोहम्मद शनवर बलराम मिश्रा आदि उपस्थित रहे।



# उग्रवाद से निपटने की तैयारी कर रहा ब्रिटेन, ऋषि सुनक बोले- चरमपंथी गतिविधियों से लड़ने के लिए हम प्रतिबद्ध

**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं पर कब्जा करने की कोशिश करने वाली चरमपंथी गतिविधियों से निपटने के हमारे पास उपाय होने के लिए प्रतिबद्ध है। लंदन के हाउस आफ कामंस में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने गुरुवार को संसद में पेश की जाने वाली चरमपंथ की एक नई परिभाषा की रिपोटीं का हवाला दिया और जोर दिया कि नई रणनीति स्वतंत्र अभिव्यक्ति को प्रभावित नहीं करेगी। सुनक ने कहा कि वास्तव में देश में चरमपंथी गतिविधियों में वृद्धि हुई है जो हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं पर काबू करने की कोशिश कर रही है। हाउस आफ कामंस में 'प्रधानमंत्री के सवालों' के जवाब में सुनक ने गुरुवार को संसद में पेश की जाने वाली चरमपंथ की एक नई परिभाषा की रिपोटीं का हवाला



दिया और जोर दिया कि नई रणनीति स्वतंत्र अभिव्यक्ति को प्रभावित नहीं करेगी। नए उपायों से उन समूहों या लोगों पर प्रतिबंध लगाने की उम्मीद है जो असहिष्णुता, घृणा या हिंसा पर आधारित विचारधारा को बढ़ावा देते हैं और स्पष्ट रूप से निर्धारित करते हैं कि ब्रिटिश सरकार किन समूहों और व्यक्तियों को समर्थन या फंड दे सकती है। सुनक ने कहा कि वास्तव में चरमपंथी गतिविधियों में वृद्धि हुई है जो हमारी लोकतांत्रिक संस्थाओं पर काबू करने की कोशिश कर रही है। यह महत्वपूर्ण है कि हमारे पास इस खतरे से निपटने के लिए उपकरण हों। उन्होंने कहा कि यह बिल्कुल निजी और शांतिपूर्ण मत रखने वालों को चुप कराने के बारे में नहीं है। न ही यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को प्रभावित करेगा, जिसे हम सदन की ओर से हमेशा संरक्षित करने का प्रयास करेंगे। उल्लेखनीय है सुनक की यह टिप्पणियां कैंटरबरी और यार्क के आर्कबिशप, जस्टिन वेल्बी और स्टीफन काटरेल के एक संयुक्त बयान के बाद आई हैं, जिसमें चेतावनी दी गई है कि चरमपंथ की नई विस्तारित परिभाषा देश के मुस्लिम समुदायों के लिए खतरा पैदा करती है।

# वॉलीबॉल प्रतियोगिता में नरायनपुर की टीम बनी विजेता

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** जिला ओलंपिक संघ तथा अनुप्रिया पटेल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में पुलिस लाइन परेड मैदान पर मंगलवार को दो दिवसीय वॉलीबॉल एवं एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस दौरान वॉलीबॉल प्रतियोगिता में नरानयपुर की टीम ने जीत हासिल की।प्रतियोगिता में 100 मीटर दौड़ में आंचल प्रथम, अंकिता द्वितीय, सन्हा सिंह तीसरे स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में अंशिका यादव प्रथम, आस्था मौर्य द्वितीय, रिकल तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मीटर दौड़ में अंशिका यादव प्रथम, निशा साहनी द्वितीय तथा आशू यादव तृतीय स्थान पर रहीं। 800 मीटर दौड़ में साक्षी यादव प्रथम, गुड्डी यादव द्वितीय, रोशनी तृतीय स्थान पर रहीं। इसी तरह से 1500 मीटर दौड़ में खुशबू सरोज प्रथम, रानी पाल द्वितीय, नीतू सरोज तृतीय स्थान पर रहीं। 3000 मीटर दौड़ में सुमन प्रथम, वर्षा द्वितीय, अंजलि तिवारी तृतीय स्थान पर रहीं। एथलेटिक्स बालक वर्ग में 100 मीटर दौड़ में अनूप कुमार वर्मा प्रथम, सियाराम यादव द्वितीय, चंद्रभूषण तृतीय स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ में चंद्रभूषण चौहान प्रथम, पंचू कुमार द्वितीय तथा अरविंद पाल तृतीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ में सियाराम यादव प्रथम, संदीप कुमार द्वितीय तथा आदर्श यादव तृतीय स्थान पर रहे। 800 मीटर दौड़ में जितेंद्र यादव प्रथम, संजय कुमार द्वितीय तथा विनय कुमार तृतीय स्थान पर रहे। 1500 मीटर दौड़ में नीरज यादव प्रथम, सुरेंद्र प्रसाद द्वितीय, शिवकुमार तृतीय स्थान पर रहे। 3000 मीटर दौड़ में अरविंद यादव प्रथम, आकाश पाल द्वितीय तथा नीरज यादव तृतीय स्थान पर रहे। वॉलीबॉल बालिका वर्ग में नरायनपुर विजेता और राजगढ़ उप विजेता रहा। प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन डॉ. जगदीश पटेल ने किया। मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने विजेता खिलाड़ियों पुरस्कार प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जिला ओलंपिक संघ के महासचिव एसपी त्रिपाठी ने बताया कि 13 मार्च को कबड्डी, ताइक्वांडो तथा योगासन प्रतियोगिता होगी। इस दौरान हूबलाल, अनवर खान, राकेश त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## सीएए के नाम पर सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाले बंद करें झूठ का व्यापार

**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून की अधिसूचना जारी करने के बाद से ही इस मुद्दे को अलग-अलग तर्कों के साथ विपक्षी दलों द्वारा उछाला जा रहा है। गृह मंत्रालय के हवाले से भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने दावा किया कि सीएए कानून भारत के किसी नागरिक की नागरिकता नहीं लेगा। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने राजनीति को प्रदूषित कर दिया है। दिल्ली में सीएए का विरोध कर वह गलत संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं। पड़ोसी देशों में हिंदू व सिखों के साथ अत्याचार हो रहा है।

# नाइजीरिया में 287 स्कूली बच्चों का अपहरण, बंदूकधारियों ने की 1 बिलियन नायरा की मांग

**अबुजा, नाइजीरिया।** नाइजीरिया में कम से कम 287 स्कूल के बच्चों का अपहरण करने का मामला सामने आया है। स्थानीय समुदाय के एक



सदस्य ने बुधवार को सीएनएन को बताया कि पिछले गुरुवार को घटना की जानकारी मिली थी कि कुछ बंदूकधारियों ने बच्चों का अपहरण कर लिया है और अब वह 1 बिलियन नायरा की फिरौती मांग रहे हैं और अगर उनकी मांग पूरी नहीं होती है तो उन्होंने सभी बच्चों को मारने की भी धमकी दी है। नाइजीरिया में कम से कम 287 स्कूल के बच्चों का अपहरण करने का मामला सामने आया है। स्थानीय समुदाय के एक सदस्य ने बुधवार को सीएनएन को बताया कि पिछले गुरुवार को घटना की जानकारी मिली थी कि कुछ बंदूकधारियों ने बच्चों का अपहरण कर लिया है और अब बंदूकधारियों ने 1 बिलियन नायरा की फिरौती की मांग की है। के अनुसार, कडूना राज्य के कुरीगा गांव, जहां स्कूल स्थित है, के निवासी अमीनू जिब्रील ने कहा, उन्होंने मुझे कल (मंगलवार) दोपहर 12 बजकर 16 मिनट पर एक नंबर से फोन किया और फिरौती के रूप में 1 बिलियन नायरा की मांग की। उन्होंने कहा कि अल्टीमेटम बच्चों के अपहरण की तारीख से केवल तीन सप्ताह या 20 दिनों तक रहेगा और अगर सरकार की ओर से कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उन सभी को मार डालेंगे। जिब्रील ने सीएनएन को यह भी बताया कि अपराधियों ने कहा कि अपहरण अपने गिरोह के सदस्यों की हत्या के लिए सरकार और सुरक्षा एजेंसियों पर हमला करने का एक तरीका था। कुरिगा समुदाय के सदस्य ने कहा कि उनका मानना है कि अपहरणकर्ताओं को उनका नंबर स्कूल के जूनियर सेकेंडरी सेक्शन के प्रमुख से मिला था, जिनका छात्रों के साथ अपहरण कर लिया गया था। राज्य के पुलिस प्रवक्ता मंसूर हसन ने शुक्रवार को सीएनएन को बताया कि गुरुवार की सुबह मोटरसाइकिलों पर सवार सशस्त्र डाकुओं ने कडुना के चिकुन जिले के कुरीगा गांव में एलईए प्राइमरी और सेकेंडरी स्कूल पर धावा बोलकर 300 से अधिक छात्रों को उठा लिया। कुछ छात्रों को बचा लिया गया लेकिन उनमें से 287 अब भी अपहरणकर्ताओं के पास हैं। उनमें से लगभग 100 प्राथमिक विद्यालय से हैं और बाकी माध्यमिक विद्यालय से हैं। कडुना के गवर्नर उबा सानी ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि उनकी सरकार विद्यार्थियों और छात्रों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सानी ने यह भी कहा कि हमले के दौरान अपहरणकर्ताओं का सामना करने वाले समुदाय का एक सदस्य मारा गया।कडुना राज्य, जिसकी सीमा दक्षिण-पश्चिम में नाइजीरियाई राजधानी अबूजा से लगती है, डाकुओं द्वारा फिरौती के लिए अपहरण की बार-बार होने वाली घटनाओं से जूझ रहा है और हाल के वर्षों में कई बड़े पैमाने पर अपहरण हुए हैं, जिसमें वह जिला भी शामिल है जहां एलईए प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय स्थित है। 2021 में, एक निजी माध्यमिक विद्यालय से हथियारबंद लोगों द्वारा कम से कम 140 छात्रों का अपहरण कर लिया गया था। यह घटना चिकन के कसारमी गांव में एक निजी विश्वविद्यालय के लगभग 20 छात्रों को बंदूकधारियों द्वारा अपहरण किए जाने के कुछ ही महीने बाद हुई थी। परिवार के सदस्यों ने उस समय सीएनएन को बताया कि फिरौती की समय सीमा पूरी नहीं होने पर उनमें से पांच छात्रों की हत्या कर दी गई।

# चीन के बदल रहे सुर सीमा विवाद के बीच भारत के साथ रिश्ते बेहतर बनाने में जुटा ड्रैगन

**बीजिंग।** चीन और भारत के बीच सीमा पर बना गतिरोध दोनों देशों के रिश्तों की समग्र तस्वीर प्रस्तुत नहीं करता है। हम उस गतिरोध पर वार्ता करते हुए अपने रिश्तों की स्थिति से निर्धारित नहीं होते हैं। दोनों देश बेहतर प्रबंधन के जरिये सीमा पर सामान्य स्थिति कायम रख सकते हैं। प्रवक्ता ने यह बात भारतीय विदेश मंत्री एस सीमा पर शांति के बगैर दोनों देशों के संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं। चीनी प्रवक्ता ने कहा,ठचीन कई बार कह चुका है कि भारत के साथ उसके द्विपक्षीय संबंध केवल सीमा की स्थिति से निर्धारित नहीं होते हैं। दोनों देश बेहतर प्रबंधन के जरिये सीमा पर सामान्य स्थिति कायम रख सकते हैं।वेनबिन ने कहा,ठचीन और भारत विश्वास करते हैं कि अभी तक की बातचीत में दोनों देशों में बनी सहमति हमारे हितों के अनुरूप है।सोमवार को एक कार्यक्रम में जयशंकर ने कहा था,ठवास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैनिकों का जमावड़ा



का विकास कर सकते हैं। यह बात चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन कही है। भारत ने कई मौकों पर साफ कहा है कि सीमा पर शांति के बगैर दोनों देशों के संबंध सामान्य नहीं हो सकते हैं। चीनी प्रवक्ता ने कहा कि चीन कई बार कह चुका है कि भारत के साथ उसके द्विपक्षीय संबंध केवल सीमा जयशंकर के वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सैनिकों के जमावड़े के रहते रिश्ते बेहतर न होने के बयान पर कही है। जून 2020 में गलवन घाटी में दोनों देशों के सैनिकों के टकराव के बाद से पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गतिरोध की स्थिति बनी हुई है। भारत ने कई मौकों पर साफ कहा है कि दोनों देशों के हित में नहीं है।वेनबिन ने आगे कहा,ठदोनों देशों का हित इसी में है कि पूर्व के लिखित समझौतों का पालन करते हुए सीमा पर शांति और स्थिरता कायम रहे। चार वर्षों से एलएसी पर बनी तनाव की स्थिति द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य नहीं होने दे रही है।

# पोप फ्रांसिस की टिप्पणी से यूक्रेन और उसके सहयोगी नाराज, विदेश मंत्रियों ने की बयान की निंदा

**कीव।** यूक्रेन और उसके सहयोगियों ने रविवार को पोप फ्रांसिस से



नाराजगी जताई है। पोप ने कहा था कि कीव को रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने के लिए बातचीत करने का साहस दिखाना चाहिए। पोप के बयान का अर्थ यह निकाला गया कि पोप ने यह बयान देकर यूक्रेन से आत्मसमर्पण करने के आह्वान किया है। यूक्रेन और पोलैंड के विदेश मंत्रियों ने पोप की टिप्पणियों की निंदा की है। पोलैंड के विदेश मंत्री राडेक सिकोरस्की ने एक्स पर पोस्ट कर तंज कसा पुतिन को यूक्रेन से अपनी सेना वापस बुलाने का साहस करने के लिए प्रोत्साहित करना कैसा रहेगा पोप के बयान का अर्थ यह निकाला गया कि पोप ने यह बयान देकर यूक्रेन से आत्मसमर्पण करने के आह्वान किया है। यूक्रेन और पोलैंड के विदेश मंत्रियों ने पोप की टिप्पणियों की निंदा की है। पोलैंड के विदेश मंत्री राडेक सिकोरस्की ने एक्स पर पोस्ट कर तंज कसा, पुतिन को यूक्रेन से अपनी सेना वापस बुलाने का साहस करने के लिए प्रोत्साहित करना कैसा रहेगा बातचीत की जरूरत के बिना तुरंत शांति स्थापित हो जाएगी। यूक्रेन के विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने अपने पोस्ट में आरोप लगाया कि वेटिकन ने नाजी जर्मनी का विरोध करने के लिए पर्याप्त प्रयास नहीं किया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि पोप इसमें उलझे हुए थे। जेलेंस्की ने कहा कि कभी भी समर्पण न करें। जेलेंस्की ने पोप या उनके बारे में कोई सीधा नाम नहीं लिया। विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने एक पोस्ट में लिखा

## पीएम ने तीन रेलवे स्टेशन का किया लोकार्पण


**(आधुनिक समाचार नेटर्वक)**
**मिर्जापुर।** डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डीएफसी) के तहत बने न्यू मिर्जापुर, न्यू अहरौरा तथा न्यू डगमगपुर रेलवे स्टेशन का



मंगलवार को सुबह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदबाद से वर्चुअल लाकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने देश भर में 85 हजार करोड़ रुपये की लागत की करीब छह हजार परियोजनाओं के साथ ही मिर्जापुर जिले के न्यू डगमगपुर, न्यू मिर्जापुर, न्यू अहरौरा रोड रेलवे स्टेशन का लोकार्पण किया।लोकार्पण के दौरान मिर्जापुर में डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के तहत बने न्यू डगमगपुर स्टेशन पर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की तरफ से आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री एवं सांसद अनुप्रिया पटेल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि भारतीय रेल उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में 191813 करोड़ रुपये की 5811 से अधिक रेल परियोजनाओं पर राज्य में काम प्रगति पर है। उत्तर प्रदेश में 3900 करोड़ रुपये लागत से पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर से यमुना ब्रिज-प्रयागराज रेलखंड और 1920 करोड़ रुपये मिर्जापुर क्षेत्र में जिवनाथपुर से जिगना तक काम चल रहा है। इसी तरह से 29 करोड़ रुपये की लागत से न्यू मिर्जापुर स्टेशन, 38 करोड़ रुपये से न्यू डगमगपुर स्टेशन, 34 करोड़ से न्यू अहरौरा स्टेशन पर हुए विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया जा रहा है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर राष्ट्रीय रेल योजना के तहत शत प्रतिशत विद्युतीकरण, अधिक दबाव वाले मार्गों की मल्टी ट्रैकिंग, दिल्ली-हावड़ा और दिल्ली-मुंबई रेलखंड पर गति को 160 किमी प्रति घंटा तक बढ़ाने, सभी स्वर्णिम चतुर्भुज गोल्डन डायगोनल मार्गों पर गति को 130 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाने और सभी लेवल क्रासिंग को समाप्त करना है। इस दौरान राज्यसभा सांसद राम सकल, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी, डीआरएम प्रयागराज विवेक सिंह आदि मौजूद रहे। उधर, न्यू अहरौरा रोड स्टेशन पर लोकार्पण समारोह में मौजूद लोगों ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम प्रधानमंत्री का संबोधन सुना। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। मुख्य अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी चुनार राजेश कुमार वर्मा मौजूद रहे। अतिथियों का स्टेशन अधीक्षक ज्ञान सिंह ने स्वागत किया। गया। इस अवसर पर चंद्रशेखर सिंह, लक्ष्मी गुप्ता,धनंजय सिंह, शकील अहमद, अतुल कुमार वर्मा आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन विनीत कुमार सिंह एवं दीपक कुमार द्विवेदी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

# रूस की सबसे बड़ी रिफाइनरी पर यूक्रेन का ड्रोन हमला, आग लगने से उत्पादन रुका कई लोग घायल

**रॉयटर।** यूक्रेन ने बुधवार को रूस को बड़ा झटका दिया। रूस के सबसे बड़े सरकारी तेलशोधक कारखाने (रिफाइनरी) पर यूक्रेन के ड्रोन हमले से आग लग गई और उसका उत्पादन रुक गया। यह



रिफाइनरी प्रति वर्ष एक करोड़ 27 लाख मीट्रिक टन तेल का शोधन करती है। रूस और यूक्रेन एक-दूसरे के ऊर्जा प्रतिष्ठानों सैन्य ठिकानों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एक साल से ड्रोन हमले कर रहे हैं। यूक्रेन ने हाल के महीनों में इन हमलों को बढ़ाया है। मंगलवार को निजनी नोवगोरोद में स्थित ल्यूकोइल्स नोरसी रिफाइनरी को ड्रोन हमले से बड़ा नुकसान पहुंचाने के बाद यूक्रेन ने बुधवार को रोस्तोव और रियाजान क्षेत्रों की रिफाइनिरियों पर ड्रोन हमले किए। तेल आपूर्ति में रुकावट की आशंका से अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत दो प्रतिशत तक बढ़ गई है। रूस विश्व के सबसे बड़े तेल निर्यातक देशों में से एक है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि उनके देश में जारी राष्ट्रपति चुनाव की प्रक्रिया को बाधित करने के लिए पश्चिमी देशों द्वारा इस तरह के हमले कराए जा रहे हैं। रूस और यूक्रेन एक-दूसरे के ऊर्जा प्रतिष्ठानों, सैन्य ठिकानों और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर एक साल से ड्रोन हमले कर रहे हैं। यूक्रेन ने हाल के महीनों में इन हमलों को बढ़ाया है। मंगलवार को निजनी नोवगोरोद में स्थित ल्यूकोइल्स नोरसी रिफाइनरी को ड्रोन हमले से बड़ा नुकसान पहुंचाने के बाद यूक्रेन ने बुधवार को रोस्तोव और रियाजान क्षेत्रों की रिफाइनिरियों पर ड्रोन हमले किए। मॉस्को से 180 किलोमीटर दूर स्थित रियाजान में सरकारी कंपनी रोसनेफ्ट की रिफाइनरी में ड्रोन हमले से आग लग गई।

# बॉक्स ऑफिस पर फूली 'सालार' की सांसें

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** बॉक्स ऑफिस पर प्रभास की फिल्म सालार के लिए बिजनेस अब मुश्किल हो गया है। रिलीज



के बाद फिल्म ने बुलेट ट्रेन की स्पीड में कलेक्शन किया। चंद दिनों में 100 और फिर 200 करोड़ क्लब में एंट्री भी कर गई। हालांकि, अब बिजनेस मंद पड़ गया है। 24 सालार ने पहले वीकेंड पर ही 200 करोड़ क्लब में एंट्री कर ली। इसके बाद सालार को 300 करोड़ क्लब में भी एंट्री मिल गई। इसके अलावा सालार साल 2023 की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्मों की लिस्ट में भी शामिल है। हालांकि अब फिल्म को ठीक- ठाक बिजनेस करने के लिए भी जद्दोजहद करना पड़ रही है। सालार के लिए वीकेंड भी कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाया। नौबत ये आ गई कि फिल्म करोड़ से अब लाख में बिजनेस कर रही है। सालार साल 2023 की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्मों की लिस्ट में शामिल है। पहले दिन प्रभास की फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 90 करोड़ के साथ खाता खोला था। वहीं, पहले वीकेंड पर ही सालार ने 200 करोड़ क्लब में एंट्री कर ली। इसके बाद सालार को 300 करोड़ क्लब में भी एंट्री मिल गई, लेकिन 400 करोड़ तक पहुंचने में पसीने छूट गए। सालार के लेटेस्ट कलेक्शन की बात करें तो फिल्म अब बॉक्स ऑफिस पर रेंगने को मजबूर हो गई है। शुक्रवार को सालार ने महज 50 लाख का बिजनेस किया। वहीं, शनिवार को कलेक्शन 45 लाख रहा। ऐंम्हगत्व् की रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म ने रविवार को 90 लाख कमाए। इसके साथ ही रिलीज के 24 दिनों में सालार ने डोमेस्टिक बॉक्स ऑफिस पर 403.85 करोड़ का नेट बिजनेस कर लिया है।

# मुंबई में न होकर जामनगर में ही क्यों हो रहे हैं अनंत और वेडिंग फंक्शन

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नई दिल्ली।** मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबाना और राधिका मर्चेंट इस साल जुलाई में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं, लेकिन इससे पहले इस होने विदेश से भी सितारें भारत पहुंच रहे हैं। ऐसा क्या खास है जामनगर में जहां प्री-वेडिंग का आयोजन किया गया है ।जो 1 मार्च से 3 मार्च तक जामनगर में होने जा रहे है। पिछले दो दिनों से गुजरात का




वाले दूल्हा-दुल्हन के लिए अंबानी परिवार ने ग्रैंड प्री-वेडिंग फंक्शन का आयोजन किया है।1 मार्च से 3 मार्च तक अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के प्री-वेडिंग फंक्शन जामनगर में होने जा रहे है। इस ग्रैंड फंक्शन में शामिल होने के लिए जामनगर देसी और विदेशी सितारों से चहक रहा है। ऐसे में कई लोगों के मन में अंबानी परिवार को लेकर एक ही सवाल है कि मुंबई छोड़कर आखिर क्यों गुजरात के जामनगर में अनंत और राधिका के फंक्शन हो रहे हैं।

# शोएब, मनीषा और अद्रिजा के बीच हुई कांटे की टक्कर

(आधुनिक समाचार नेटवर्क)

**नई दिल्ली।** सेलिब्रिटा डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा सीजन 11 को लेकर बड़ी खबर आ रही है। पिछले साढ़े तीन महीनों के संघर्ष के बाद आखिरकार शो को अपना विजेता मिल गया है। शोएब मलिक, मनीषा रानी और अद्रिजा सिन्हा ने टॉप 3 में जगह बनाई। झलक दिखला जा 11 का विजेता बनने के लिए इनके बीच कांटे की टक्कर हुईडांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 11 पिछले कई हफ्तों से दर्शकों को एंटरटेन कर रहा है। शो में अलग- अलग क्षेत्रों से आने वाले सेलेब्स ने हिस्सा लिया। कुछ कंटेस्टेंट्स ने बीच में झलक दिखला जा 11 में हिस्सा लिया। वहीं अब लगभग साढ़े तीन महीनों के लंबे सफर के बाद शो को अपना विनर मिल गया है झलक दिखला जा 11 को ऋत्विक धनजानी और गौहर होस्ट कर रहे थे। वहीं, अरशद वारसी, फराह खान और मलाइका अरोड़ा जज थे। शो के इस सीजन में कई पॉपुलर चेहरों ने हिस्सा लिया, लेकिन ट्रॉफी सिर्फ किसी एक की हुइझलक दिखला जा 11 के विनर को लेकर सोशल मीडिया पर लगातार वोटिंग ट्रेंड्स देखने को मिल रहे थे। वहीं, हाल ही में शो का फिनाले शूट हो। ईटाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, झलक दिखला जा 11 के टॉप 3 में शोएब मलिक, मनीषा रानी और अद्रिजा सिन्हा ने जगह बनाई। सबसे ज्यादा चौंकाने वाले नतीजे विनर को लेकर आझलक दिखला जा 11 में पहली बार वाइल्ड कार्ड एंट्री ने ट्रॉफी अपने नाम की। रिपोर्ट्स के अनुसार, शोएब मलिक और अद्रिजा सिन्हा को धूल चटाते हुए बिहार ही मनीषा रानी झलक दिखला जा 11 की विजेता बनी हैं, जबकि उन्होंने शो के बीच में हिस्सा लिया था।



# चप्पल और लुंगी में वायरल हुआ प्रभास का लुक, सालार के बाद मकर संक्रांति पर 'द राजा साब' का एलान

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** प्रभास के खाते में एक के बाद एक फिल्में आती जा रही के मौके पर एक्टर ने फिल्म का एलान करते हुए फर्स्ट लुक जारी किया है। पोस्टर में एक्टर टी-शर्ट पहने सड़क पर घूमते हुए नजर आ रहे हैं। एक्टर का ये टिपिकल साउथ लुक आते ही सोशल मीडिया पर थमन एस तैयार करेंगे। फिल्म के प्रोडक्शन की जिम्मेदारी टीजी विश्वा प्रसाद ने उठाई है। प्रभास के वर्क




है। भले बीते पिछले कुछ साल उनके लिए अच्छे नहीं रहे, लेकिन सालार ने उनके करियर में हिट के पड़े अकाल को दूर कर दिया है। इस बीच अब उन्होंने मकर संक्रांति पर अपनी अपकमिंग फिल्म 'द राजा साब' का एलान कर दिया है। सालार में प्रभास जमकर एक्शन करते हुए नजर आए थे। वहीं अब उन्होंने अपनी अगली रिलीज का एलान कर दिया है। इस फिल्म का नाम है द राजा साब। मंकर संक्रांति लुंगी और चप्पल पहने सड़क पर मस्ती में घूमते हुए नजर आ रहे हैं। प्रभास ने अपने फैंस को फेस्टिवल पर सरप्राइज दिया और अपकमिंग फिल्म का एलान किया। इसके साथ ही उनका लेटेस्ट लुक सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो गया सालार में प्रभास जमकर एक्शन करते हुए नजर आए थे। वहीं, 'द राजा साब' में उनका लुक बिल्कुल अलग है। फिल्म के पोस्टर में एक्टर टी-शर्ट, लुंगी और चप्पल छा गया है। 'द राजा साब' का पोस्टर शेयर करते हुए प्रभास ने कैप्शन में लिखा, इस फेस्टिवल के सीजन पर 'द राजा साब' का फर्स्ट लुक जारी कर रहा हूं। आप सभी को ढेरों शुभकामनाएं सालार एक्टर प्रभास की अगली फिल्म 'द राजा साब' का डायरेक्शन साउथ के जाने- माने निर्देशक मारुति कर रहे हैं। उन्होंने फिल्म की कहानी भी लिखी है। वहीं, 'द राजा साब' का म्यूजिक नेशनल अवॉर्ड विनर फ्रंट की बात करें तो साल 2024 में सालार के बाद उनकी अगली बड़ी रिलीज प्रोजेक्ट ख् है। इस फिल्म में प्रभास के साथ दीपिका पादुकोण, अमिताभ बच्चन और कमल हासन शामिल हैं। प्रोजेक्ट ख् का डायरेक्शन नाग अश्विन कर रहे हैं। हाल ही में फिल्म की रिलीज डेट को पोस्टपोन किया गया है। अपडेट के अनुसार, प्रोजेक्ट ख् अब 9 मई, 2024 को दुनियाभर के थिएटर्स में रिलीज की जाएगी।

# मैं जा रही तेरी जिंदगी से गंदी लड़ाई के बाद अंकिता लोखंडे तोड़ेंगी पति विक्की से नाता

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** विवादित रियलिटी शो 'बिग बॉस 17' में अंकिता लोखंडे और विक्की जैन का रिश्ता खूब चर्चा में है। बीते दिनों विक्की जैन 17' के अपकमिंग एपिसोड का प्रोमो आउट हो गया है। वीडियो में दिखाया गया कि अंकिता और विक्की के बीच गंदे बर्तन की वजह से लड़ाई हुई। अंकिता पति से कहती




की मां भी आई थीं, जिनका अंकिता के साथ रवैया कई लोगों को रास नहीं आया था। फिर करण जौहर ने भी विक्की को अंकिता का साथ न देने पर क्लास लगाई थी। विवादित रियलिटी शो बिग बॉस सीजन 17 में अंकिता लोखंडे और विक्की जैन अपने झगड़ों की वजह से खूब ध्यान खींच रहे हैं। दोनों के बीच आए दिन लड़ाई होते रहते हैं। अब एक बार पति-पतने के बीच गंदी बहस हो गई। विक्की ने अंकिता को खरी-खोटी सुनाई और फिर एक्ट्रेस ने उनकी जिंदगी से चले जाने की बात कही। वीकेंड का वार में करण जौहर ने विक्की जैन को समझाया था, लेकिन इसके बावजूद लगता है कि उनके बॉन्ड में कोई बदलाव नहीं दिख रहा है। एक बार फिर पति-पतने के बीच तू-तू मैं-मैं हो गई। 'बिग बॉस 17' के अपकमिंग एपिसोड में दोनों बर्तन की वजह से लड़ते हुए दिखाई देंगे। बर्तन पर अंकिता-विक्की के बीच खिटपि 'बिग बॉस हैं कि उन्होंने अपने बर्तन अभी तक नहीं धुले हैं, जिससे विक्की झल्ला जाते हैं। विक्की ने अंकिता को ताना मारते हुए कहा, आप मुझे बोल क्यों रही हो। अब आप कैप्टन नहीं हो।विक्की जैन की इस बात पर अंकिता ने कहा, यह बात करने का कौन सा तमीज है। इसके बाद दोनों के बीच गंदी लड़ाई हो जाती है। विक्की ने कहा कि उन्होंने लाइन क्रॉस कर दी है। इसलिए वह अब उनसे अच्छे से बात करने की कोई उम्मीद न करें। विक्की के इस बिहेवियर से अंकिता परेशान हो जाती हैं। उन्होंने पति से कहा, आजकल पता नहीं आपको क्या हो गया है। आप सिर्फ झगड़ते हैं।विक्की ने कहा कि अंकिता बार-बार उन्हें एंबैरेस्ड करती हैं। इसके बाद अंकिता ने विक्की से हाथ जोड़कर माफी मांगी और कहा, मैं अब आपसे कभी बात नहीं करूंगी। मैं जा रही हूं तेरी जिंदगी से। अब तू देख ले, तुझे क्या करना है।

# क्लिक शंकर में पुलिस अधिकारी की भूमिका में दिखाई देंगे सैफ अली खान, इस साल नवाब के कई प्रोजेक्ट रिलीज होने की कतार में

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** अभिनेता सैफ अली खान के लिए यह साल खास होने वाला है। उन्होंने साल की शुरुआत फिल्ममेकर सिद्धार्थ आनंद के बैनर तले बन रही थ्रिलर फिल्म की शूटिंग से की है। उनकी दो फिल्में मोहन इस फिल्म के साथ हिंदी सिनेमा में पदार्पण करेंगे। वह धनुष अभिनीत मारी फ्रेंचाइजी के निर्देशन के लिए प्रख्यात हैं। क्लिक शंकर की परिकल्पना फ्रेंचाइजी के रूप में की गई है। फिल्म में सैफ शंकर रेबेरो की भूमिका



देवारा पार्ट 1 और कर्तव्य इस साल रिलीज होंगी। देवारा में उनके साथ दक्षिण भारतीय अभिनेता जूनियर एनटीआर प्रमुख भूमिका में होंगे। जबकि कर्तव्य शाह रुख खान के बैनर तले बन रही है। सैफ अली खान ने अब जंगली पिक्चर्स के साथ फिल्म क्लिक शंकर साइन की है। तमिल फिल्म निर्माता बालाजी मोहन इस फिल्म के साथ हिंदी सिनेमा में पदार्पण करेंगे। वह धनुष अभिनीत मारी फ्रेंचाइजी के निर्देशन के लिए प्रख्यात हैं। क्लिक शंकर की परिकल्पना फ्रेंचाइजी के रूप में की गई है। फिल्म में सैफ शंकर रेबेरो की भूमिका निभाएंगे जो बेहद बुद्धिमान लेकिन परेशान इंस्पेक्टर है। वहीं खबर है कि उन्होंने अब जंगली पिक्चर्स के साथ फिल्म क्लिक शंकर साइन की है। तमिल फिल्म निर्माता बालाजी निभाएंगे, जो बेहद बुद्धिमान, लेकिन परेशान इंस्पेक्टर है। उसकी याददाश्त जबरदस्त है। यह उसके लिए वरदान और अभिशाप दोनों है। उनके पात्र में एक विलक्षण गुण है जो उन्हें अपने जीवन की हर घटना को याद रखने में सक्षम बनाती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि अतीत कभी भी उनके पीछे नहीं है। यह फिल्म शंकर के एक रहस्य को उजागर करने के इर्द-गिर्द घूमती है जो उसकी बुद्धि और फोटोग्राफिक स्मृति को चुनौती देती है। सूत्रों के मुताबिक क्लिक शंकर में रहस्य, हास्य और भावनाओं का समुचित मिश्रण है। यह सैफ द्वारा पहले निभाई गई पिछली सभी भूमिकाओं से भिनन्न है। वह इस फिल्म की शूटिंग आगामी मई से शुरू करेंगे।

# पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट ने बनाया रिकॉर्ड, सबसे ज्यादा टॉप चार्ट एल्बम देने वालीं बनी पहली महिला

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** हॉलीवुड की पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट अपनी हालिया रिलीज एल्बम 'स्पीक नाउ' के साथ सबसे ज्यादा सफल एल्बम देने वाली पहली महिला सिंगर बनी हैं। बिलबोर्ड चार्ट ने सोमवार को अपनी एक लिस्ट जारी की, जिसमें टेलर स्विफ्ट ने डेब्यू के किया और साथ ही पॉप क्वीन के एक एल्बम ने 12वें नंबर पर अपना दबदबा बनाते हुए फीमेल सिंगर में सबसे ज्यादा बिलबोर्ड चार्ट्स में शामिल होने वालीं बारबरा स्ट्रीसंड को भी पछाड़ दिया है।बिलबोर्ड ओर्जेनाइजेशन ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए ये भी बताया कि पिछले 60 साल के करीब ये पहली बार है जब 10 गानों में से किसी महिला सिंगर के चार गाने एक ही समय पर टॉप चार्ट में हैं। 33 साल की पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट के नाम एक ये रिकॉर्ड भी दर्ज हो गया है।बिलबोर्ड की टॉप चार्ट की लिस्ट में उनके मिडनाइट, लवर्स और फोकलोर शामिल हैं। बिलबोर्ड ने ये 200 शीर्ष एल्बम की लिस्ट में




11 गाने पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट के हैं। स्विफ्ट की रिकॉर्ड तोड़ने वाली उपलब्धि तब सामने आई जब उन्होंने अपने 'एरास' टूर पर प्रशंसकों के सामने अपने कई बेहतरीन और सुपरहिट गाने गाए।आपको बता दें कि पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट सोशल मीडिया पर भी काफी पॉपुलर हैं। 33 साल की टेलर स्विफ्ट इंस्टाग्राम फॉलोअर्स के मामले में हॉलीवुड सिंगर सेलेना गोमेज और अमेरिकन सोशलिस्ट कड़ी टक्कर देती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 268 मिलियन के करीब प्रशंसकों की लिस्ट है।टेलर स्विफ्ट ने 2004 में अपना पहला रिकॉर्डिंग कॉन्ट्रेक्ट साइन कर लिया था। उन्हें उनके दूसरे ही एल्बम 'फियरलेस' के लिए चार ग्रैमी अवॉर्ड्स मिले थे। वह सबसे कम उम्र में ग्रैमी जैसा प्रतिष्ठित अवॉर्ड जीतने वाली महिला सिंगर थीं। पॉप सिंगर टेलर स्विफ्ट ने अब तक 11 ग्रैमी, 23 एमएम और 29 बिलबोर्ड, 40 अमेरिकन म्यूजिक अवॉर्ड्स अपने नाम किये। आपको बता दें कि सोशल मीडिया पर हाल ही में पॉप सिंगर की पंजाबी और हिंदी एक्टर दिलजीत दोसांझ के साथ एक फोटो इंटरनेट पर खूब वायरल हुई थी, जिसके बाद दोनों के अफेयर की खबरों ने जोर पकड़ा था।

# महेश बाबू की 'गुंटूर कारम' पर नोटों की बारिश, संडे को खाते में आए इतने करोड़

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** फिल्म 'सरकारु वारी पाता' की सक्सेस के बाद महेश बाबू 2024 में 'गुंटूर कारम' लेकर आए, जो इस वक्त बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। महेश बाबू स्टारर फिल्म गुंटूर कारम ने साल की शुरुआत धमाकेदार ओपनिंग के साथ की। सिनेमाघरों में रिलीज हुई फिल्म ने तीन दिनों 60 करोड़ से ज्यादा का कारोबार कर लिया है। शुक्रवार और शनिवार को ताबड़तोड़ नोट



छापने के बाद गुंटूर कारम ने रविवार को भारत में कितना कारोबार किया है। जानिए यहां। त्रिविक्रम श्रीनिवास के निर्देशन में बनी तेलुगु एक्शन थ्रिलर 'गुंटूर कारम' 12 जनवरी को दुनियाभर के थिएटर्स में रिलीज हुई। महेश बाबू ने फिल्म में मुख्य भूमिका निभाई है। इसके ट्रेलर ने दर्शकों के बीच ऐसी छाप छोड़ी कि रिलीज होते ही थिएटर्स दर्शकों से फुल हो गए। पहले दिन मूवी ने 40 करोड़ के साथ खाता खोला था। 'कैप्टन मिलर', 'मैरी क्रिसमस' और 'हनु मैन' जैसी फिल्मों के साथ रिलीज हुई 'गुंटूर कारम' ने 41.3 करोड़ के साथ ओपनिंग की थी। शनिवार को कमाई में गिरावट आई थी, लेकिन फिर भी फिल्म ने अच्छी खासी कमाई कर ली थी। शनिवार को कारोबार 13 करोड़ था। बात करें रविवार की तो शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, भारत में 'गुंटूर कारम' के बिजनेस में बढ़ोतरी हुई है। सैकनिल्क की मानें तो फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर तीसरे दिन 14.25 करोड़ का बिजनेस किया है। तीन दिनों में फिल्म ने कुल 69.10 करोड़ कमा लिए हैं। इस हफ्ते तक फिल्म के 100 करोड़ क्लब में शामिल होने के आसार नजर आ रहे हैं। गुंटूर कारम कास्ट और कहानी 'गुंटूर कारम' की कहानी गुंटूर शहर के अंडरवर्ल्ड के राजा की कहानी है, जिसे एक ऐसी लड़की से प्यार हो जाता है जो पत्रकार होती है और शहर में हो रहे अवैध गतिविधियों को उजागर करती है। फिल्म में महेश बाबू के साथ श्रीलाला, मीनाक्षी चौधरी, जगपति बाबू, राम्या कृष्णा, प्रकाश राज और मुकेश ऋषि ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म का निर्माण एस. राधा कृष्णा, सूर्यदेवरा नागा वामसी ने किया है, जबकि निर्देशन का जिम्मा त्रिविक्रम श्रीनिवास के हाथों में था।

# विजय वर्मा की होने वाली 'पत्नी' पर ही हुआ एसिड अटैक कालकूट का ट्रेलर आउट

(आधुनिक समाचार सेवा)

**नई दिल्ली।** विजय वर्मा फिल्म इंडस्ट्री के टैलेंटेड एक्टर हैं, जिन्होंने 'डार्लिंग्स', 'शी' और 'दहाड़' जैसी फिल्मों और वेब सीरीज में अपनी काबिलियत साबित की है। उनकी




हालिया रिलीज सीरीज 'लस्ट स्टोरीज 2' को भी काफी पसंद किया गया था। अब जल्द ही विजय अपनी नई सीरीज के साथ ओटीटी पर तहलका मचाने वाले हैं। लस्ट स्टोरीज 2 के बाद विजय वर्मा अपनी नई वेब सीरीज कालकूट के साथ एक बार फिर ओटीटी पर छा जाने के लिए तैयार हैं। विजय वर्मा की अपकमिंग सीरीज का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। सीरीज में विजय वर्मा पुलिस ऑफिसर बनकर एक ऐसा केस सॉल्व करेंगे जो उनकी जिंदगी बदल देगी। देखिए सीरीज का मजेदार ट्रेलरविजय वर्मा की अपकमिंग सीरीज 'कालकूट' इन दिनों चर्चा में है। कुछ दिन पहले ही इस वेब शो का टीजर रिलीज किया गया था। अब विजय वर्मा ने इसका ट्रेलर रिलीज किया है। इसे शेयर करते हुए एक्टर ने कैप्शन में लिखा है-ट्रेलर की शुरुआत विजय वर्मा के इस्तीफा लेटर से होती है। महज तीन महीने पहले पुलिस बने विजय वर्मा अपनी नौकरी से इस्तीफा देने का फैसला कर लेते हैं।इस्तीफा में विजय वर्मा कहते हैं, 'पिछले तीन महीनों में मैंने जो कुछ भी इस थाने में होते हुए देखा। उसे देखकर आगे नौकरी करने की इच्छा जुटा नहीं पा रहा हूं।' हालांकि, सीनियर पुलिस ऑफिसर्स उनका इस्तीफा कैंसिल कर देते हैं और उन्हें एक एसिड अटैक का केस दे दिया जाता है।विजय को जिस लड़की के एसिड अटैक का केस सॉल्व करने के लिए मिलता है, वह उनकी मां के द्वारा एक्टर की शादी के लिए चुनी गई लड़की थी। ट्रेलर में देखा जा सकता है कि विजय अपने ही सिस्टम से लड़कर इस केस को सॉल्व करते हैं। इस ट्रेलर को काफी पसंद किया जा रहा है।विजय वर्मा स्टारर 'कालकूट' 27 जुलाई से जियो सिनेमा पर फ्री में स्ट्रीम होगा।

# साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन जल्द फिल्म पुष्पा 2 में नजर आने वाले हैं

(आधुनिक समाचार नेटर्वक)

**नई दिल्ली।** फिल्म को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त बज बना हुआ है। हर कोई इसका बेसब्री से इंतजार कर रहा है। अपनी आने वाली फिल्म पुष्पा 2 को लेकर लगातार चर्चा में हैं ।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा. दीपक अरोरा द्वारा श्री आधुनिक प्रिन्टर्स एण्ड पैकेजर्स प्रा.लि. 1-मिर्जापुर रोड नैनी प्रयागराज उ.प्र. 211008 से मुद्रित एवं आधुनिक समाचार पब्लिसिंग हाउस सी 41 यूपीएसआईडीसी नैनी प्रयागराज 211010 (उ.प्र.) से प्रकाशित
सम्पादक/प्रकाशक
डा. पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।